तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 16 जून 2024



नगर निगम ने सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने फिर से चलाया अभियान।




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 76972-12782 **(1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

**पाठ्यक्रम का नाम**
1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



Advt.


### खबर संक्षेप

### आर्ट ऑफ लिविंग का प्रशिक्षण आज से

**बिलासपुर।** आर्ट आफ लिविंग द्वारा ओम पैलेस, राजकिशोर नगर मोपका में 16 जून से 21 जून तक प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। इसमें डीएवी स्कूल वसंत विहार की प्रशिक्षिका और अंतर्राष्ट्रीय योग टीचर माधवी बच्चों को प्रशिक्षण देंगी। उन्होंने बताया कि दिन प्रतिदिन के तनाव और खिंचाव के बीच खुश रहकर जीवन का आनंद लेना ही आर्ट ऑफ लिविंग है। यह एक तकनीक है जिसके माध्यम से तनाव और चिंताओं को दूर कर जीवन में खुशी और आनंद लाने की कला सिखाई जाती है। उन्होंने बताया कि 16 जून से प्रारंभ हो रहे कोर्स में 13 से 18 वर्ष तक के बच्चों को 21 जून तक शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक मोपका में प्रशिक्षण देंगी। वह बताती है कि इस कोर्स के बाद बच्चों को हर सप्ताह फॉलो अप देने की भी योजना है। इसलिए बच्चों से जल्द पंजीयन करे अभी हाल ही में उन्होंने पाली में 35 बच्चों के साथ कोर्स लिया है।

### जिला अस्पताल में गर्मी से परेशान मरीज

**बिलासपुर।** मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद पारा 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इससे हर आम और खास हलाकान है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी से हलाकान मरीज अपनी व्यवस्था स्वयं ही कर रहे हैं और कूलर और पंखें लगाकर जुगाड़ से इलाज करा रहे हैं। सिम्स के बाद अब जिला अस्पताल में भी मरीजों की हालत खराब है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी इस बारे में उदासीनता बरत रहे हैं। दरअसल गर्मी का पारा लगातार 42 से 43 डिग्री के आसपास बना हुआ है। इस दौरान गर्मी से निजात पाने के लिए मरीजों को खास जतन करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में भर्ती वार्ड के मरीज गर्मी से राहत पाने के लिए स्वयं के व्यय से कूलर और पंखे लगा रहे हैं। वहीं वार्ड में एसी नहीं चल रहा है, जबकि करोड़ों रूपए खर्च कर वार्ड में एसी की सुविधा लगाई गई है, प्रबंधन द्वारा रखरखाव में ध्यान नहीं देने के चलते मरीजों को गर्मी में भुगतना पड़ रहा है। वहीं इस बारे में सिविल सर्जन और आरएमओ कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**तप रहा सूरज**

### पारा 43 डिग्री, रात में झमाझम बारिश

**बिलासपुर।** जून का आधा महीना बीतने को है लेकिन सूरज की तेवर कम होने का नाम नहीं ले रहा है, शनिवार को सूरज की तपिश इस कदर बढ़ी की पारा 43 डिग्री पर जा पहुंचा, कोरबा के बाद सर्वाधिक तापमान बिलासपुर का रहा। शनिवार को सूरज की तेज किरणों ने बेहाल कर दिया, दोपहर 2 बजे का पारा बढ़ते हुए 43 डिग्री पर जा पहुंचा, इस तरह प्रदेश में दूसरा सबसे गर्म जिला बिलासपुर रहा, पहले नंबर पर कोरबा दर्ज किया गया जहां 43.4 डिग्री का पारा दर्ज किया गया है। शाम होते ही काले बादल घिर आए और कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई, इससे उमस बढ़ गई। वहीं रात में आसमान में काले बादल छाए और झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। बारिश होने से लोगों को गर्मी और उमस से कुछ राहत मिली।

# सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता ले रहीं महतारी वंदन की राशि

- शासकीय सेवा में पदस्थ, सेवानिवृत्त या पेंशन का लाभ ले रहीं बहुत सी महिलाओं ने आवेदन किया है
- प्रदेश में 70 लाख और बिलासपुर में सवा चार लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला व बाल विकास विभाग ने महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों की पात्रता फिर से जांचने की तैयारी की है। जांच में गलत तरीके से योजना का लाभ लेना पाए जाने पर अपात्र हितग्राहियों से राशि की वसूली भी होगी। विभाग ने यह कदम उन शिकायतों के बाद उठाने का निर्णय लिया है, जिसमें योजना का लाभ अपात्र महिलाओं के द्वारा लिए जाने की बात सामने आई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार शासकीय सेवा में पदस्थ, सेवानिवृत्त या पेंशन का लाभ ले रहीं बहुत सी महिलाओं ने आवेदन किया और उनमें से कई महिलाएं योजना से लाभान्वित भी हो रही हैं। ध्यान रहे कि प्रदेश में 70 लाख और बिलासपुर में सवा चार लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्च 2024 को महतारी वंदन योजना का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया था। योजना के लिए 70.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 70.14 लाख महिलाओं को पात्र माना गया। 11,771 आवेदन रिजेक्ट हुए थे। पात्र महिलाओं को प्रत्येक माह एक-एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं। अब तक चार किस्तों में 2,500 करोड़ से अधिक की राशि जारी हो चुकी है।




### एक नाम वाले कई आवेदन

इस योजना के तहत ऐसे भी मामले आए हैं, जिनमें एक ही आवेदक ने दो- दो आवेदन किए और दोनों ही स्वीकृत हो गए हैं। ऐसी महिलाओं के खाते में दो-दो बार राशि हस्तांरित हो रही है। ऐसे अधिकतर मामलों में आवेदकों ने स्वयं के अलावा अपने पति या स्वजन का भी आधार कार्ड नंबर आवेदन में लगाया था। सत्यापन के दौरान यह पकड़ में नहीं आया। विभाग एक नाम वाले 20 हजार से अधिक आवेदनों की जांच कर रहा है। इनमें नाम, पता, जन्मतिथि समान हैं। इसके साथ ही कोटा ब्लाक की एक मृत महिला को पात्र मानकर सत्यापित कर दिया गया। यही नहीं उसके खाते में एक हजार रुपए की राशि भी पहुंच रही है। कई ऐसे लोग भी मिले हैं जिनके पति या परिजन आयकर दाता है और उनके खाते में राशि पहुंची है। बिलासपुर जिले में चार लाख 26 हजार 587 महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। इसकी भी शिकायत के बाद पात्रता की जांच होगी।

### जिले में ही 3 हजार से अधिक शिकायतें

#### कई पात्र महिलाएं चक्कर लगा रहीं

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाली दो लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हुए थे। इससे महिलाएं महतारी वंदन योजना की पहली किश्त से वंचित हो गई थीं। पहली किश्त जारी होने के अंतिम दिन तक आधार से खातों को लिंक करने की प्रक्रिया चली थी। इसके बाद पहली किस्त से वंचित महिलाओं को दूसरी किस्त में राशि जारी हुई थी। योजना को लागू हुए यह चौथा माह चल रहा है, लेकिन कई महिलाएं अभी भी चक्कर काट रही हैं। ऐसी महिलाओं में अधिकांश की शिकायत यही है कि सारी प्रक्रिया, सभी दस्तावेज लगाने के बाद भी अब तक उन्हें एक भी किस्त नहीं मिला है। पता करने पर उनसे कह दिया जा रहा कि खाते में तो राशि जा चुकी है। इधर-उधर की चक्कर लगाकर थक चुकीं महिलाएं परेशान होकर घर बैठ रही हैं।

#### की जाएगी जांच

महतारी वंदन योजना के तहत नए सिरे से आवेदन लिए जाने की जानकारी तो मिल रही है, लेकिन अभी इस संबंध में आधिकारिक आदेश नहीं आया है। प्रथम चरण में जिन महिलाओं को इसके तहत राशि मिल रही है उसमें कहीं कोई गड़बड़ी है तो लाभार्थियों की पात्रता फिर से जांची जाएगी।

**- आरए कुरुवंशी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### योजना 2.0 शुरू होनी की उम्मीद

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में अभी भी बहुत सी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिला है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद उन्हें महतारी वंदन योजना 2.0 शुरू होने की उम्मीद है। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही आवेदन जमा करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। अब इसके लिए जल्द आवेदन लिए जाने की बात अधिकारी कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार महतारी वंदन योजना की राशि बैंक खातों में नहीं आने की शिकायतों का समाधान जल्दी किया जा रहा है। राज्य शासन ने आनलाइन प्लेटफार्म पर पब्लिक लागिन में शिकायत दर्ज कराने एक नया टैब जोड़ दिया है, जिसमें योजना से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत की जा सकती है। दो से तीन दिनों में उसका निराकरण कर शिकायतकर्ता को सूचित भी किया जा रहा है। अधिकांश शिकायत खाते में राशि नहीं आने की ही है। समाधान में हितग्राहियों को बताया जा रहा है कि आधार से लिंक पुराने बैंक खातों में जा रही है। उन्हें उस खातों को चेक करने की सलाह दी जा रही है।

### सोते रहे अधिकारी और पटवारी, राजस्व निरीक्षक ने भी ध्यान नहीं दिया

# हाउसिंग बोर्ड की 6 एकड़ जमीन पर कब्जा, दलालों ने प्लाट काटकर बेचा, अब सीमांकन करा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग गृह निर्माण मंडल मंगला की 6 एकड़ जमीन पर दलालों ने कब्जा कर लिया है। यही नहीं इस जमीन पर प्लाट काटकर उसे बेच भी दिया गया है। बड़ी बात यह रही कि यह सब होता रहा और हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी सोते रहे। यही नहीं पटवारी और राजस्व निरीक्षक ने भी ध्यान नहीं दिया। कालोनी के निवासियों ने जब इस बारे में लगातार शिकायत की तो सबकी नींद खुली और अब मौके पर सीमांकन कराया जा रहा है। दो बार सीमांकन हो चुका है और अगले सप्ताह आखिरी बार सीमांकन कराते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही जा रही है। हाउसिंग बोर्ड के अपर संचालक एमडी पनारिया के मुताबिक खाली जमीन पर नई योजना लाकर घर और दुकान बनाए जाएंगे।

- खाली जमीन पर नई योजना लाकर घर और दुकान बनाए जाने की बात

ज्ञात हो कि मंगला स्थित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के द्वारा 82 एकड़ भूमि पर दीनदयाल कालोनी बनाई गई है। जिस समय यह कालोनी बनी थी उस दौरान करीब 10 एकड़ जमीन खाली छोड़ दी गई थी। यहां तक की हाउसिंग बोर्ड की ओर से बाउंड्रीवाल तक नहीं बनाई गई थी। इसका फायदा कुछ जमीन दलालों ने उठाया और लगातार कब्जा किया जाने लगा है। इन दलालों ने अगल बगल की कुछ जमीन खरीदी और हाउसिंग बोर्ड की खाली जमीन को अपने कब्जे में ले लिया। इसमें अवैध प्लाटिंग की गई और बेच भी दिया गया। इसमें से कई जगहों पर तो मकान भी बन गए हैं।



#### कराया जा रहा है सीमांकन

मंगला में हाउसिंग बोर्ड द्वारा 82 एकड़ भूमि पर दीनदयाल कालोनी बनाई गई है। जिस समय यह कालोनी बनी थी उस दौरान काफी खाली जमीन छोड़ दी गई थी। बाउंड्रीवाल भी नहीं बनाई गई थी। इसमें कुछ खाली जमीन पर कब्जे की शिकायत मिलने के मौके के बाद का सीमांकन कराया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड इस खाली जमीन पर नई योजना लेकर आ रहा है।

**- एमडी पनारिया**
अपर संचालक, हाउसिंग बोर्ड

#### कालोनी के अंदर से सड़क निकाल रहे

इन जमीन दलालों में से दो ने कालोनी के अंदर से सड़क निकालनी शुरू कर दी है। दोनों जमीन दलाल हाउसिंग बोर्ड के पीछे 5 एकड़ में अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। यहां जाने के लिए उसने हाउसिंग बोर्ड द्वारा लगाई गई फेंसिंग को तोड़ दिया है। यह नहीं अवैध प्लाटिंग के पंपलेट भी बांटे जा रहे है। इसमें 250 मकानों को बनाने की बात है। जानकारी के अनुसार उक्त जमीन दलाल द्वारा बेची जा रही जमीन और कालोनी के लिए ग्राम एवम नगर निवेश विभाग से नियमानुसार अनुमति प्राप्त नहीं की है। ले आउट भी पास नहीं कराया गया और ना ही रेरा में रजिस्ट्रेशन ही है। लोगों ने इस पूरे काम में संबंधित पटवारी और राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत की शिकायत भी की है।

#### सड़क बनाने सेप्टिक टैंक को तोड़ दिया

लोगों की शिकायत में यह भी कहा गया है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकान के अंत मे बंद रोड है। यहां हाउसिंग बोर्ड द्वारा बाउंड्री बनाई जानी है। जमीन दलाल लेकिन कालोनी के निवासियों को डरा धमकाकर जबरदस्ती पहुंच मार्ग बना रहे हैं जबकि दीनदयाल कॉलोनी के रोड पहले ही संकरी है। यही नहीं जमीन दलालों द्वारा दो बड़े हरे पेड़ भी काटे जा रहे हैं। इन दलालों ने कालोनी की सेप्टिक टैंक को भी तोड़ दिया है और वहां से सड़क बना दी है। अपर संचालक एमडी पनारिया के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड द्वारा शिकायत के बाद पूरी 82 एकड़ जमीन का सीमांकन कराया जा रहा है। क्षेत्र बड़ा है इसलिए समय लग रहा है। दो पार सीमांकन हो चुका है। जल्द ही रिपोर्ट के बाद कब्जे को खाली कराया जाएगा।

# दो नियमों को लेकर बैठी हाईकोर्ट की फुल बेंच तीन जजों ने की सुनवाई

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट में प्रदेश के दो नियमों को लेकर फुल बेंच ने शनिवार को सुनवाई की। इसमें एक मामला औद्योगिक संस्थाओं से निकाले गए कर्मचारियों का था, जिन्होंने नौकरी और क्षतिपूर्ति के लिए याचिका दायर की थी। दूसरी याचिका प्रदेश में स्थानीय निवासियों को राज्य शासन द्वारा दी जा रही 5 साल की छूट के मामले में दायर की गई है। दोनों मामलों की सुनवाई 9 और 5 जुलाई को तय की गई है।



- औद्योगिक संस्थाओं से निकाले गए कर्मचारियों को राहत की मांग पर याचिका
- स्थानीय निवासियों को राज्य शासन द्वारा दी जा रही 5 साल की छूट का मामला

निजी उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों को नोटिस और प्रक्रिया के बिना नौकरी से निकाले जाने पर औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 में राहत का प्रावधान है। इसमें कर्मचारी को पुनः सर्विस में लेने के लिए प्रक्रिया और प्रावधान हैं। ऐसे ही मामलों में दायर याचिकाओं पर हाईकोर्ट ने अलग-अलग आदेश दिए हैं। कुछ मामलों में नौकरी में वापस लेने और कुछ में क्षतिपूर्ति के आदेश हैं। इस मुद्दे पर शनिवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस नरेंद्र व्यास के फुल कोर्ट में सुनवाई हुई। प्रकरण को अंतिम सुनवाई के लिए 9 जुलाई को रखा गया है। इसी तरह आयुसीमा में छूट को लेकर बैठे दूसरे फुल कोर्ट ने राज्य शासन को इस संदर्भ में नए नियम क्या हैं, इसकी जानकारी देने को कहा है। इस मामले की सुनवाई 5 जुलाई को रखी गई है।

### मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिले, सभी ने की पुलिस की सराहना

# 30 लाख के 200 गुम मोबाइल खोजकर पुलिस ने लौटाया



पुलिस द्वारा ढूंढकर लाए गए मोबाइल के साथ एसपी रजनेश सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


आपकी एक आस, आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए 200 मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाया है, इसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए है। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।

प्रतिदिन जिले थानों में बड़ी संख्या में मोबाइल गुम होने की शिकायतें आती हैं। एसपी रजनेश सिंह ने मोबाइल गुम की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीसीयू टीम को गुम मोबाइल को खोजने का आदेश दिया। उसके बाद एसीसीयू टीम साइबर सेल के माध्यम से गुम मोबाइल ढूंढ रही थी। लोकेशन के आधार पर टीम ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र में दबिश देकर 200 मोबाइल खोज निकाला। शनिवार को बिलासागुड़ी में आपकी एक आस, आपकी अमानत आपके पास अभियान के तहत एसपी श्री सिंह ने गुम मोबाइल लोगों को लौटाया। लौटाए गए 200 मोबाइल की कीमत 30 लाख रुपए बताई जा रही है। आस खो बैठे गुम मोबाइलधारकों के चेहरे खिल गए। सभी ने पुलिस के चेतना अभियान की सराहना की।



#### नए सायबर ठगी की दी गई जानकारी

साइबर सेल के एसआई प्रभाकर तिवारी के द्वारा वर्तमान में प्रचलित सायबर ठगी के नए प्रारूप सैक्सटार्शन वीडियो कालिंग के माध्यम, वाट्सएप की डीपी बदलकर, बिटकार्डन, टुरिज्म प्लान, कस्टमर केयर, आनलाइन लोन एप व अन्य तरीकों से किए जाने वाले आनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा इससे बचने का उपाय भी बताया।



## खबर संक्षेप

### विधायक अमर ने की छत्तीसगढ़ की खुशहाली व समृद्धि की कामना



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल शनिवार को दुर्गा मंदिर चंदेला नगर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान उनके साथ गुरमीत सिंह अरोरा, राजेश पाण्डेय, रौशन सिंह, अमित सिंह आदि मौजूद थे।

### डॉ शीला शर्मा को शिक्षक कला एवं साहित्य सम्मान



**बिलासपुर।** शिक्षक और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित बहुआयामी संस्था शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ अरुण साव एवं विशिष्ट अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल थे। जिसमें राज्य के 161 विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिकसा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। जिसमें बिलासपुर जिले से उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं साहित्य सम्मान डॉ शीला शर्मा, उत्कृष्ट शिक्षण कार्य एवं वरिष्ठ समाज सेविका डॉ ज्योति सक्सेना को सम्मानित किया गया।

### भाजपा पश्चिम मंडल कार्यकर्ताओं ने किया खारंग जलाशय का भ्रमण



**बिलासपुर।** भाजपा पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं ने बिलासपुर लोकसभा की जीत व तोखन साहू के केंद्रीय राज्य मंत्री बनने पर खारंग जलाशय खुटाघाट में उत्साह मनाया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल के नेतृत्व में खारंग जलाशय पहुंचे। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनाव की समीक्षा भी की गई। मंडल अध्यक्ष श्री भोगल ने कहा हम सबके मार्गदर्शक विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन पर कार्य करते हुए पश्चिम मंडल के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में मंडल से ऐतिहासिक जीत दिलाई है। आगामी नगर निगम के भी चुनाव की भी हमें तैयारी प्रारंभ करनी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, लक्ष्मी नारायण कश्यप, अमित चतुर्वेदी, चंदन गोस्वामी, सुश्री मीनाक्षी यादव ,वैभव गुप्ता, अरुण भास्कर, सुभाष तिवारी, कमल जैन, कार्तिक यादव, कालेश्वर सूर्यवंशी, संजय गुप्ता, अमित बजाज, मुकेश भारत, माया पमनानी, श्रद्धा तिवारी, किरण सिंह, स्मिता नामदेव, राइजा बेगम, अर्पिता दुबे, श्वेता पांडे, विनीता सिंह, मनीषा धूमल, रितेश नाथ, मदन रात्र, ध्रुव देवांगन, प्रमोद शर्मा, राजेंद्र राजपूत, रोहित, चंद्रमा प्रसाद द्विवेदी, मनोज यादव, विपिन ठाकुर, राम अवतार सूर्यवंशी आदि मौजूद थे।

### बिलासा सेवा समिति की राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान स्पर्धा कल

**बिलासपुर।** सामाजिक संस्था बिलासा सेवा समिति द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 17 जून सोमवार को आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष दीप कुमार व सदस्य काशी प्रसाद ने संयुक्त रूप से बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 17 जून सोमवार को की जाएगी। इस प्रतियोगिता में पंजीयन की अंतिम तिथि 10 जून थी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पंजीयन में छूट रहेगी। परीक्षा केंद्र बंगाली उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेलवे परिक्षेत्र तोरवा थाना के सामने व आंध्रा अंग्रेजी माध्यम उच्च. माध्यमिक विद्यालय बुधवारी बाजार रेलवे स्टेशन के पास होगी। परीक्षा 17 जून सोमवार को रिपोर्टिंग समय सुबह 10 बजे से परीक्षा प्रारंभ 11 बजे से होगी। परीक्षा का समय 90 मिनट होगा। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थी आधार कार्ड साथ में लेकर आएंगे। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 51 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र, द्वितीय विजेता को 21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र तथा तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार चौथे स्थान से दसवें स्थान प्राप्त प्रतियोगी को 1000-1000 व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार ग्यारहवें स्थान से तीसवें स्थान तक प्राप्त प्रतियोगी को 500-500 व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण समारोह 23 जून रविवार को रोटरी क्लब सीएमडी चौक में सुबह 11 बजे से होगा।

### कल अकीदत के साथ मनाया जाएगा ईद उल अजहा

**बिलासपुर।** कुर्बानी और आपसी भाईचारे के प्रतीक के तौर पर मनाई जाने वाली ईद-ए-अजहा का त्योहार 17 जून को मनाया जाएगा। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा ईदगाह में नमाज अता की जाएगी। सुब्हानिया अंजुमन इस्लामिया के नाएब सदर, हाजी मोहम्मद इस्माईल रज़्वी ने यह जानकारी दी है कि माहे ज़िल्हज्ज के चाँद की तसदीक हासिल हो गई है, जिसके मुताबिक 17 जून दिन सोमवार को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जाएगा। ईदगाह में नमाज सुबह साढ़े 7 बजे अता की जाएगी। हज़रत अल्लामा व मौलाना अलहाज शब्बीर अहमद नूरी साहब किबला, नमाज की इमामत फरमाएंगे। अगर नमाज़ के वक्त बारिश हुई तो नमाज़ का वक्त आधे घंटे से एक घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह चांटापारा स्थित जामा मस्जिद में 17 जून की सुबह 7 बजकर 45 मिनट पर नमाज अता की जाएगी। गोल बाजार मस्जिद में सुबह 8 बजे नमाज अता की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा इससे पहले शांति समिति की बैठक लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली जिसमें सभी सदस्यों से शांति पूर्वक पर्व मनाने की लोगों से अपील की। प्रशासन द्वारा शहर के चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पानी, बिजली सहित अन्य व्यवस्था पूरी कर ली है।

**किसान लगा रहे सहकारी समितियों का चक्कर** सकरी स्थित प्रक्रिया केन्द्र में लगती है भीड़

# धान के किस्म स्वर्णा की 5 गुना बढ़ी मांग, स्टॉक खत्म, फिर भेजी गई डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीफ की फसल की तैयारी शुरू हो चुकी है। प्रक्रिया केन्द्रों से समितियों तक धन का उठाव जारी है लेकिन इस बीच धान के बीज खत्म होने की नौबत आ चुकी है। स्वर्णा किस्म के धान की मांग इस कदर बढ़ चुकी है कि पूर्ति लक्ष्य 2200 क्विंटल धान आबंटित होने की जगह अब तक किसानों ने जिले में 10 हजार क्विंटल धान का उठाव कर लिया है, इसके बावजूद अभी भी मांग बढ़ती जा रही है।

मानसून के आगमन के साथ ही खरीफ फसलों के लिए तैयारी जोर पकड़ने लगी है, किसानों ने खेतों का रूख कर लिया है और प्रकिया केन्द्र सहित समितियों में चहल पहल बढ़ चुकी है। बीज निगम द्वारा समितियों में धान की मांग के अनुसार भंडारण भी किया जा रहा है, लेकिन इस बीच महामाया, स्वर्णा, 1010 बीज समितियों में भेज दिया गया है, लेकिन 22 क्विंटल की आपूर्ति के लक्ष्य के अधिक 10 हजार क्विंटल धान समितियों के द्वारा उठाया गया है, जबकि अन्य धान किस्म का उठाव कम हो रहा है। किसानों की मांग के अनुरूप अब समितियों में धान पहुंचाने के लिए रायपुर से बीज की मांग की गई है, लेकिन पिछले 5 दिनों से प्रक्रिया केन्द्र में बीज की कमी बनी हुई है, ऐसे में किसानों को समितियों से वापस जाना पड़ रहा है।

### 31 सौ रूपए में बिका धान, बीज नहीं

जानकारों के मुताबिक इस साल सरकार ने एमएसपी पर धान की खरीदी की राशि बढ़ा दी थी,जिसके बाद किसानों ने 31 सौ रूपए में धान बेचा है और इसकी के चलते किसानों के पास बचने वाले बीज अब नहीं है। स्वर्णा की मांग का एक कारण यह भी है।

### लागत कम और उत्पादन अधिक

स्वर्णा किस्म के धान की मांग अधिक होने का कारण यह है कि धान लगाने में लागत कम लगती है और उत्पादन अधिक होता है। वहीं अच्छी बारिश की आस में किसानों के द्वारा स्वर्णा धान की मांग की जा रही है। महामाया और 1010 जैसे ब्रांड के धान की किस्म को पूरी तरह से पकने में 120 से 140 दिनों का समय लगता है, जबकि स्वर्णा धान को पकने में 160 से अधिक दिनों का समय लगता है। किसानों के लिए स्वर्णा धान लगाना संतोषप्रद साबित होता है।

### बढ़ गई है मांग

बीज की कमी नहीं है। स्वर्णा की मांग लक्ष्य से 5 गुनी अधिक हो चुकी है, समितियां भी क्षमता के अनुसार ही भंडारण कर पा रही हैं, इसलिए धान की कमी जैसी बात सामने आई है। स्वर्णा का स्टाक रायपुर से मंगाया गया है, 2 से 3 दिनों में स्थिति ठीक होगी।

**-डॉ प्रीति अवस्थी**
प्रक्रिया प्रभारी, बीज निगम

सीवीआरयू के सीजी कॉस्ट सेंटर में विज्ञान प्रदर्शनी व कार्यशाला

# छग विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद और डा. सीवी रमन विवि विज्ञान के प्रति ला रहे जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर एक साथ मिलकर विज्ञान एवं अनुसंधान, नवाचार, रिसर्च, पेटेंट की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

इस क्रम में डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित सीजी कॉस्ट सेंटर में विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि वक्ता ने विद्यार्थियों से रिन्यूएबल एनर्जी बैक बोन ऑफ़ द न्यू एरा विषय पर जानकारी साझा की। यह आयोजन डिपार्मेंट आफ फिजिक्स, सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी एवं आइक्यूएसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। कार्यशाला में डॉ सीवी रमन विवि के कुलपति प्रो रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि डॉ सीवी रमन विवि परिसर में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीजी कॉस्ट) के समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। विवि और सीजी कॉस्ट मिलकर विद्यार्थियों के साथ-साथ पूरे अंचल में स्कूलों महाविद्यालयों के अलावा आम जन में विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता के




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

लिए कार्य कर रहा है। इस क्रम में दिशा ग्राम में विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया था। श्री दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय पहले ही विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। यहां सेंटर फॉर रिन्यूएबल ग्रीन एनर्जी और रमन सेंटर फॉर साइंस कम्युनिकेशन की स्थापना की गई है। साथ ही विश्वविद्यालय में सोलर पार्क भी बनाया गया है। रायपुर का यह केंद्र जिसे, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद कहा जाता है। यह रिसर्च, नवाचार ,प्रोजेक्ट के क्षेत्र में कार्य करता है। इसके अलावा पेटेंट और वर्कशॉप ,कॉन्फ्रेंस भी इसके माध्यम से किए जाते हैं।

### विज्ञान के प्रति कर रहे जागरुक

विवि के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि हमारे विश्वविद्यालय में सीजी कास्ट के समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना से साइंस एंड टेक्नोलॉजी की दिशा में हो रहे कार्य में तेजी आई है। हमें यह जानने की जरूरत है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए एनर्जी का उपयोग कैसे किया जा सकता है। पूरे अंचल में ग्रामीण क्षेत्रों में, वनांचल में रहने वाले लोगों को भी विवि विज्ञान के प्रति जागरूक कर रहा है। वनांचल में आदिवासियों के बीच साइंस के लिए काम करने की अनंत संभावनाएं हैं। कोटा अंचल में स्कूल और महाविद्यालय में भी दोनों मिलकर एक बहुत अच्छे और सकारात्मक वातावरण में काम करेंगे। डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से साइंस के इनोवेशन को बल मिलेगा। मुख्य वक्ता हरदी बाजार महाविद्यालय के प्राध्यापक डा. केके दुबे ने विद्यार्थियों को तकनीकी जानकारी दी। विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल सबके सामने रखे। जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव पीटर्स ने किया। समन्वयक के रूप में डॉ रत्नेश तिवारी और उप समन्वयक डॉ राजीव पीटर्स की नियुक्ति की गई है।

### तक्षशिला के 83% बच्चों ने नीट में किया क्वालीफाई

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** तक्षशिला के बच्चों का नीट में शानदार प्रदर्शन रहा। डायरेक्टर ने बताया कि तक्षशिला के 82 प्रतिशत बच्चों ने नीट में क्वालीफाई किया है। इसमें रोहित सिंह 682, नेहा गर्ग 675, उदय प्रताप 668, रक्षत शर्मा 652, साक्षी साहू 620, यशराज अवधिया 608, आनंद आदिल 601, हरसिता 588, मंता सिंह 574, अंजली कुमारी 552, राहुल 546, आकांक्षा महिलांगे 482, आयुष पाटले, 461 अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा अन्य छात्रों का प्रदर्शन भी काफी सराहनीय रहा। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्ष में भी बच्चों के बेहतर रिजल्ट को लेकर संस्था की पूरी टीम समर्पित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी कम से 50 से 60 बच्चे उनकी संस्था से शासकीय मेडिकल कालेजों में प्रवेश पा सकेंगे। नीट 2025 के लिए नया बैच



18 जून से प्रारंभ हो रहा है। अंग्रेजी व हिंदी माध्यम दोनों में ही प्रवेश प्रारंभ है।

### मार्क हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर

**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर ।** चांटीडीह रोड सरकंडा स्थित मार्क हॉस्पिटल 100 बिस्तरों वाला पूर्ण रूप से सुसज्जित हॉस्पिटल है । यहां मरीजों के लिए 16 जून रविवार सुबह 11 बजे से 2 बजे तक मरीजों के लिए दंत रोग, स्त्री रोग,हड्डी रोग,नेत्र रोग एवं नाक कान गला रोग से संबंधित मरीजों की सुविधा के लिए निःशुल्क परामर्श शिविर रखा गया है। जिसमे मरीज परामर्श निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। यह शिविर मार्क हॉस्पिटल में हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित किया जाता है। यह शिविर गत एक साल से आयोजित किया जा रहा है। सभी प्रकार की जांच में विशेष छुट दिया जा रहा है। हड्डी रोग के लिए निशुल्क बीएमडी की जांच भी की जाती है। अब तक सैकड़ों



मरीज इस शिविर में निशुल्क परामर्श प्राप्त कर चुके हैं। इसी तरह अन्य विभाग जैसे न्यूरोलॉजी ( नस रोग ), किडनी रोग, मूत्र रोग,जनरल सर्जरी एवं जनरल मेडिसिन से सम्बंधित सभी विभागों का परामर्श शिविर समय-समय पर किया जा रहा है

# कल आएंगे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, होगा स्वागत



**बिलासपुर।** भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू 17 जून की दोपहर 2 बजे पहली बार बिलासपुर पहुंच रहे हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का पूर्व में 16 जून को बिलासपुर नगर आगमन का कार्यक्रम था। किंतु प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक होने पर कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करते हुए इसे 17 जून कर दिया गया।

श्री साहू 17 जून को दोपहर 2 बजे इंटरसिटी एक्सप्रेस से रायपुर से बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुचेंगे। प्रमुख मार्गों में उनका स्वागत किया जाएगा। तिलक नगर स्थित श्रीराम मंदिर सभागृह में केंद्रीय मंत्री श्री साहू का अभिनन्दन किया जाएगा। जहां डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला आदि उपस्थित रहेंगे।

### रायपुर में हुआ भव्य स्वागत

छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के मंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ प्रथम आगमन पर रायपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत हुआ। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साहू, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल , प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सावनी, मोतीलाल साहू आदि मौजूद थे। इस दौरान हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। श्री साहू कल 16 जून को अपने लोकसभा क्षेत्र बिलासपुर आने वाले थे, परंतु रायपुर में विधायक दल एवं सांसदों की बैठक के कारण उनके कार्यक्रम में परिवर्तन हुआ है। वे अब 17 जून सोमवार को इंटरसिटी ट्रेन से दोपहर 2 बजे बिलासपुर आएंगे। इस दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत होगा।

# प्रतीक-इरफान की ताबड़तोड़ पारी से बिलासपुर बुल्स का फाइनल में प्रवेश

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रीमियर क्रिकेट लीग के पहले सीजन में ही बिलासपुर बुल्स ने कमाल कर दिया है। बिलासपुर ने सेमीफाइनल मुकाबले में सरगुजा टाइगर्स को 3 विकेट से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली है।



इस मैच में इरफान ने30 गेंदों पर 44 और प्रतीक ने 14 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर मैच जीता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सरगुजा टाइगर्स ने शानदार शुरुआत की और 5 ओवर में ही 50 रन बना लिए थे। इसके बाद 6वें ओवर में शहनवाज खान ने दो विकेट लेकर सरगुजा को थोड़ा बैकफुट पर ढकेला। इसके बाद लगातार अंतराल में सरगुजा के खिलाड़ी विकेट गंवाते रहे। 20 ओवर में सरगुजा टाइगर्स ने 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। बिलासपुर के लिए शहनवाज ने 3 व शशांक सिंह, भारत गोंडवानी व रुद्र प्रताप ने 1-1 विकेट हासिल किया। वहीं बिलासपुर बुल्स ने 42 रन बनाकर मैच जीत लिया।



## खबर संक्षेप

### खेत में लगे सोलर पैनल की चोरी

तखतपुर। खेत में लगे सोलर पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है। जानकारी के अनुसार खम्हरिया निवासी राधे लाल कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका कन्हार खार में खेत है जिस पर बोर खनन कराया गया है और उसमें मोटर पम्प लगा हुआ है। 10 जुलाई की शाम 6 बजे जब वह खेत गया तो देखा कि सौलर पैनल गायब हो गया है जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

### बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट

तखतपुर। वाद विवाद के दौरान बीच बचाव करने वाले युवक के साथ आरोपियों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार नगोई निवासी दिलेश्वर पिता सुधराम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका भतीजा 13 जून की रात 10 बजे चर्चा कर रहा था और जब चर्चा के दौरान विवाद होने लगा तो वह घर आ गया इसके बाद रात्रि 10:30 बजे उसका भाई रामेश्वर यादव, देवी प्रसाद और देव प्रसाद तीनों ने घर आकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### शासकीय वाहन नीलामी के लिए निविदा 20 तक

पेण्ड्रा। जिला जनसंपर्क कार्यालय के पुराने शासकीय वाहन क्रमांक सीजी 02-4252 (मेजर जीप मॉडल 2009 डीजल) की नीलामी की जानी है। इसके लिए मुहर बंद लिफाफे में 20 जून को अपराह्न 3 बजे तक निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा जिला जनसंपर्क कार्यालय गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में जमा करना हैं। निविदा 20 जून को शाम 4 बजे खोली जाएगी। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय गुरुकुल प्रशासकीय भवन कक्ष क्रमांक 16 कलेक्ट्रेट परिसर गौरला से प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की नियम-शर्ते जिले की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### झूले टूटे, जगह-जगह पसरी गंदगी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# बदहाली पर आंसू बहा रहा पेंड्रा का एकमात्र इंदिरा गार्डन


नौका विहार की जगह जलाशय में रहता है मवेशियों का जमावड़ा।


गार्डन के टूटे हुए झूले

संदीप अग्रवाल ⏭ पेंड्रा

जिले के पेंड्रा नगर में बना एकमात्र इंदिरा गार्डन बदहाल व्यवस्था की मार झेल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी क़े नाम का यह उद्यान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। एक तरफ जहां पूरी दुनिया में पर्यावरण और वनों को संरक्षित करने की मुहिम चल रही है और संरक्षण और संवर्धन के लिए तरह तरह के जतन भी किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जिले क़े पेंड्रा नगर में स्थित एकमात्र उद्यान प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है।

■ पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं

प्रकृति प्रेमी यहां शुद्ध आबोहवा व सुकून की तलाश के लिए यहां आते है। मगर उद्यान की जर्जर हालत प्रकृति प्रेमियों के लिए मायूसी का सबब बन चुका है। गार्डन में लगाए गए झूले टूट चुके है। जिसके कारण यहां खेलने आने वाले बच्चों क़े चेहरे में उदासी नजर आती है। पहले यहां विभिन्न प्रकार क़े जानवर भी रखे गए थे। लेकिन अब जानवरों क़े नाम पर आवारा कुत्ते ही यहां अपना डेरा जमाए हुए है। इसके अलावा गार्डन में जगह जगह गन्दगी का आलम पसरा हुआ है। कई जगहों पर शराब की बोतलें भी पड़ी हुई है। जिसको देखकर लगता है कि यह उद्यान अब शराबियों का डेरा बन गया है। गार्डन की सुंदरता बढ़ाने लाखों रूपए खर्च कर फाउंटेन लगवाया गया था। वह भी अब शो पीस बन कर रह गया है। गार्डन में पीने क़े पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं बची है। जिससे यहां आने वाले इक्का दुक्का लोगों को अब पीने का पानी घर से ही लेकर आना पड़ता है। पर्यटकों के लिए बनाए गए शौचालय का भी बुरा हाल है, यहां की गंदगी देख मन व्यथित हो जाता है।

### विभिन्न तरह की सुविधाएं होनी चाहिए

जिस तरह से छत्तीसगढ़ सरकार ने नए जिले बनाने के साथ ही पर्यटन स्थल को लेकर कई घोषणाएं की थी। जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सके। वहीं अब क्षेत्र के लोग इस इंदिरा उद्यान को भी एक पर्यटन स्थल के रूप में इसको विकसित करने की बात कह रहे हैं। जिसमें बच्चों से लेकर बड़े लोगों के लिए विभिन्न तरह की सुविधाएं इस उद्यान में होनी चाहिए।

### ध्यान रखा जाएगा

इंदिरा उद्यान का मामला हमारे संज्ञान में आ गया है। जल्दी ही इसकी व्यवस्था सुधार ली जाएगी। इंदिरा उद्यान आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

-आरओ खूंटे
वन परिक्षेत्र अधिकारी पेंड्रा

### नौका विहार की जगह मवेशी

इंदिरा उद्यान में पर्यटकों के आकर्षण के लिए नौका विहार की शुरुआत भी की गई थी। यह सुविधा भी साल, दो साल में ही दम तोड़ दी। यहां अब नौका विहार के लिए बनाए गए जलाशय में ग्रामीण अपने जानवरों को नहलाने का काम करते हैं। वही एक ओर जहां जंगलों में संरक्षण की बात की जाए तो आज जंगल वीरान होने की स्थिति में है। वहीं उद्यान में सरई के जंगल बहुतायात में है जिसकी लगातार अवैध कटाई का कार्य बदस्तूर जारी है। जिसकी कहानी पेड़ क़े कटे हुए ठूठ बंया कर रहे है।

### अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी द्वारा वर्ष 2003 में इस गार्डन का लोकार्पण किया गया था। जो क्षेत्रवासियों के लिए जैसे वरदान था और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, लेकिन आज वही पर्यटन स्थल देखरेख के अभाव में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। और उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है कि कब इसकी महत्ता पर शासन और प्रशासन का ध्यान जाएगा, औऱ कब इसका कायाकल्प होगा।

### उद्यान की दुर्दशा निश्चित ही चिंता का विषय

साथ ही महत्वपूर्ण बात यह है कि सूबे के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले को पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं जताई थी। निश्चित तौर पर यह सही भी है कि गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला छतीसगढ़ में एकलौता प्राकृतिक सौंदर्य से भरापूरा जिला है। मानो प्रकृति ने इसे अपने हाथों से सजाया हो। वहीं इस उद्यान की यह दुर्दशा निश्चित ही चिंता का विषय है। जिसको संवारने के लिए शासन और प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए और इसका कायाकल्प किया जाना चाहिए।

### प्रकृति प्रेमियों के लिए एकमात्र उद्यान

यह प्रकृति प्रेमियों औऱ क्षेत्र के लोगों के लिए एकमात्र उद्यान है। जिसमें पूर्व में विभिन्न प्रकार के जानवर इस उद्यान में रखे गए थे और जिसका रखरखाव भी अच्छे से किया गया था। यह अपनी वर्तमान स्थिति की अपेक्षा पहले काफ़ी अच्छा था लेकिन अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जिला बनने के बाद भी इस पर शासन प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। बावजूद इसके लोगों को उम्मीद है कि जिस तरह से आज यह उद्यान जीर्णोद्धार के लिए तरस रहा है, एक दिन फिर से इसका नए स्वरूप में विकास होगा, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकेगा।

# पाराघाट टोल प्लाजा में कर्मचारी से मारपीट

मस्तूरी। नेशनल हाइवे पर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पाराघाट टोल प्लाजा में कार सवार 2 व्यक्तियों ने कर्मचारी पर हमला करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिससे कर्मचारी को गंभीर चोटें लगी हैं। मामले में शिकायत के बाद मस्तूरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

■ कार सवार युवकों ने किया हमला

जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार धीरज पाराघाट टोल प्लाजा में टीसी के पद पर कार्य करता है, जो 13 जून गुरुवार को करीब शाम 7 बजे पाराघाट टोल प्लाजा में लेन नम्बर 5 के बूथ में टोल पर्ची काटने का कार्य कर रहा था।



अकलतरा से बिलासपुर साईड लेन नम्बर 5 में कार क्रमांक सीजी 10 एएच 9518 कार आई जिसमें सवार चालक एवं उसके एक साथी कार से उतर कर उसके बूथ में आकर बोला कि इतना समय क्यों लगा रहे हो तब कर्मचारियों ने बोला कि सामने वाली गाडी फ़ास्ट टैग का काटेगा तभी तो आपकी गाड़ी निकलेगी, इतने में तुम बहुत बात करते हो कहकर दोनों व्यक्तियों द्वारा गाली गलौज करते हुए कार चालक ने हाथ मुक्का और उसके साथी ने डण्डा से मारपीट की। साथ ही जान सहित मारने कि धमकी देते रहे। मारपीट से प्रार्थी कर्मचारी के सिर, बाईं आंख के पास, पीठ कमर में चोट लगी है। पूरी घटना का फुटेज टोल प्लाजा पाराघाट के सीसीटीवी कैमरा में रिकार्ड है, जिसमें आरोपियों की हरकत कैद हो गई है। मामले में पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 10 एएच 9518 के चालक एवं उसके एक साथी के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रदूषित हो रहा कोटसागर तालाब

करगी रोड कोटा। नगर के पौराणिक कोटसागर तालाब के पानी को घरों के गंदे पानी से, पक्की नाली को तालाब से जोड़कर प्रदूषित किया जा रहा है। तालाब का पानी लोगों के निस्तारी के लायक नहीं रहा है। यह पवित्र जलाशय लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। तालाब को दूषित करने वालों पर स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ज्ञात हो कि पवित्र कोटसागर सरोवर में घरों का दूषित पानी पक्की नाली बना कर छोड़ा जा रहा है। इस



सरोवर का निर्माण जब हुआ था जानकार बताते हैं कि उस समय कई पवित्र नदियों सागरों का जल विशेष पूजा कर इस सरोवर में डाल कर इस जलाशय के जल को पवित्र किया गया था। नगर के समीप कोई नदी नहीं है। इसी जलाशय का नगरवासियों का सहारा है। लोग नहाते हैं, इसी के जल से श्रावण मास में भगवान भोले नाथ का अभिषेक होता है। महाशिवरात्रि पर विशाल मेला भरताहै। दुर्गा मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री कृष्ण मंदिर जगन्नाथ मंदिर संतोषी माता नर्मदा माता का मंदिर विराजित है। पर्यावरण और धार्मिक दृष्टिकोण से कोटसागर तालाब को क्षेत्र में पवित्र माना जाता है।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 16 जून 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




आयोजन

## गंगा दशहरा पर सामूहिक जप आज होगा गायत्री महायज्ञ



**बिलासपुर।** गंगा दशहरा, गायत्री जयंती पर गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके पहले दिन शनिवार को सामूहिक अखंड जप किया गया। दूसरे दिन रविवार 16 जून को नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न किए जाएंगे। गंगा दशहरा, गायत्री जयंती पर्व एवं गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस रहता है। दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में सूर्योदय से सूर्यास्त तक सामूहिक अखंड जाप किया गया। 16 जून रविवार को गंगा मइया और मां गायत्री की विशेष पूजा कर युग ऋषि के युग संदेश के साथ प्रातः 8 से 11 बजे तक 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न किए जाएंगे। इस दौरान विविध संस्कार भी होंगे। इसके बाद सामूहिक अमृताशन, सहभोज प्रसाद दिया जाएगा।

**गंगा मइया और मां गायत्री की होगी विशेष पूजा**

### जल बचाने की लेंगे शपथ

जीवन धारा नमामि गंगे द्वारा रविवार 16 जून को रिवर व्यू में अरपा मइया को साक्षी मानकर गंगा दशहरा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरि ओम शर्मा के दिशा निर्देश में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अलका यादव, जिलाध्यक्ष मोना केंवट की उपस्थिति में यह आयोजन होगा। यह पर्व हर वर्ष जेष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन मां गंगा की विधि पूर्वक पूजा की जाएगी। इस दिन गंगा स्नान से व्यक्ति को सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। सभी लोग जल बचाने और जल संरक्षण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ लेंगे।

समर कैम्प

## संस्कारों से जोड़े रखने कराया गया मंत्रोपचार



**बिलासपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत कश्यप कॉलोनी महिला विंग द्वारा इस वर्ष भी सिंधु धाम गुरुद्वारा में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्ष रेशमा निहलानी ने बताया कि कैंप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से आए बी.के. बल्लू व बी.के. राकेश भाई ने बच्चों को सनातन धर्म और संस्कारों से जोड़े रखने के लिए मंत्रोपचार कराया। मेडिटेशन के अलावा जीवन में सफलता प्राप्त करने हमेशा पॉजिटिव रहने तथा बच्चों को एकाग्र रहने की बातें सिखाई। नियमित दिनचर्या को बेहतर तरीके से समझाया गया। आर्ट एण्ड क्राफ्ट की प्रशिक्षक आर्ची लालवानी एवं वेस्ट से बेस्ट मान्या मेघानी ने सरल तरीके से सिखाया। गुड टच-बेड टच की जानकारी मेघा मलानी ने दी। हरेश मोटवाणी ने सिंधी बेंत सिखाया। कैंप में 32 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को गिफ्ट दिया गया। कैंप को सफल बनाने में राजकुमारी मिहानी, शीला मलघानी, रेशमा मोटवानी, निर्मला गंगवानी, चंचल कोटवानी, विनीता टहिल्यानी, कविता ठारवानी, नव्या वाधवानी एवं महिला विंग सदस्यों का सहयोग रहा।

**कैंप में 32 बच्चों ने भाग लिया, गिफ्ट भी बांटे गए**

शिविर

## महेश नवमीं पर महिलाओं युवाओं ने किया रक्तदान



**बिलासपुर।** माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संगठन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में महेश नवमीं महोत्सव मनाया। सुबह साढ़े 6 बजे पवन मोहता के निवास स्थान से प्रभात फेरी, शोभायात्रा निकाली गई जो कि क्रांति नगर हनुमान मंदिर तक गई। दोपहर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं, महिलाओं ने रक्तदान किया। हनुमान मंदिर में समाज के अंजना दिनेश भूतडा ने प्रातः 8 बजे से पूजा-अर्चना व भगवान महेश का अभिषेक किया। उद्योग भवन सीएमडी चौक में ब्लड डोनेट कैंप, शुगर, ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभी ने कहा ऐसे शिविर लगना चाहिए। शिविर के माध्यम से सभी प्रकार के रक्त ग्रुप का रक्त एकत्रित होता है। रक्त संग्रह कार्य में बिलासा ब्लड बैंक की पूरी टीम ने मेहनत की। इसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज की महिला मंडल अध्यक्षा विनीता माहेश्वरी ने सखियों का मनोबल बढ़ाया एवं महेश नवमीं की शुभकामनाएं दी।

**प्रभात फेरी निकाल कर भगवान महेश का किया गया अभिषेक**

### प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान

शहर के एक निजी होटल में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहां क्लास नर्सरी से स्नातक में 70% से ज्यादा अंक पाए हुए बच्चों का सम्मान किया गया। समाज के सदस्य सीआर मुंदडा व रामेन्द्र माहेश्वरी ने सामाजिक विकास पर उद्बोधन दिया। इसके पश्चात लजीज व्यंजन, भोजन प्रसाद लिया गया। अंत में सचिव जुगल मुदंडा ने शुभकामना देकर सभी का धन्यवाद किया।

# पिता ने बेटियों को उच्च शिक्षा व संस्कार देकर बनाया काबिल



रविवार 16 जून को फादर्स डे है। शहर में कुछ ऐसे पिता हैं जिन्होंने अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा व बेहतर संस्कार देकर काबिल बनाया, उन्हें आगे बढ़ने हमेशा प्रोत्साहित किया। उन्हें उनकी रूचि के अनुसार मंजिल तक पहुंचने प्रोत्साहित किया। इसी क्रम में शहर की डॉ. शिप्रा बेग के पिता पूर्व नगर निगम अधिकारी पद्माकार देशपांडे भी हैं, जिन्होंने अपनी बेटियों को काफी आगे बढ़ाया। आज उनकी बेटियों की एक अलग पहचान है।



## आज है उनकी अलग पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ शिप्रा ने हरिभूमि लाइव को बताया कि माता पिता ने तीनों पुत्रियों के लालन पालन में कोई कमी नहीं रखी। पढ़ाई के साथ उनकी निजी रुचियों के अनुरूप उस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया। शिप्रा की पढ़ाई के साथ हॉकी में रूचि थी, तो उन्होंने उस क्षेत्र में आगे बढ़ाया। उन्हीं की प्रेरणा स्वरूप न केवल शिप्रा हॉकी की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बनीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में भी वे डॉक्टरेट की उच्चतर डिग्री प्राप्त कर एक शिक्षिका के तौर पर कार्य कर रही हैं। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि पूरी तरह से एजुकेशन वाली रही। बड़ी बहन सीमा आसोलकर को पेंटिंग व रंगोली में रूचि थी तो पिताजी ने उन्हें उसके लिए प्रोत्साहित किया, जिससे वे इस हुनर में पारंगत हुईं। छोटी बहन सपना बख्शी सोशल वर्कर हैं। उनका एक सामाजिक संगठन है, उसके माध्यम से वे सोशल वर्क करती हैं।



**मिले हैं कई सम्मान**

प्राथमिक शाला बैरन बाजार में शिक्षिका के पद पर पदस्थ डॉ शिप्रा बेग बिलासपुर की पूर्व हॉकी खिलाड़ी रही हैं। अर्थशास्त्र एवं हिंदी में मास्टर की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त रविशंकर विश्व विद्यालय रायपुर से उन्होंने डॉक्टरेट किया है। उन्होंने नए स्वनिर्मित आयामों से बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। करोना काल में शाला लगातार बंद रहने के बावजूद प्राथमिक शाला के बच्चों को व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार शिक्षित करने का कार्य किया है। वे ऑन-लाइन कक्षाएं लेकर प्राथमिक शाला शिक्षकों को भी नए आयामों के जरिये बच्चों को शिक्षित करने हेतु प्रेरित करती रही हैं। डॉ शिप्रा ने बिलासपुर से शालेय शिक्षा दौरान एक खिलाड़ी के तौर पर खो-खो एवं हॉकी मे मध्यप्रदेश की ओर से राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओ भाग लिया है। बिलासपुर विश्व विद्यालय की हॉकी टीम का भी एक कप्तान के तौर पर प्रतिनिधित्व किया है। वे रायपुर संभाग एवं राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, शिक्षादूत, उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षक, उत्कृष्ट शिक्षक, छत्तीसगढ़ रत्न, नारी तू नारायणी सम्मान से सम्मानित हो चुकी हैं।

### सफलता मिली शत-प्रतिशत

श्रीमती बेग ने बताया कि उनके पिताजी की सीख थी कि कुछ इस तरह का प्रयास करें कि जिस चीज में रूचि है, उसमें शत-प्रतिशत सफलता मिले। हम सभी बहनों ने उनकी इस सीख को फॉलो भी किया और अपने काम में पूरी तरह सफल रहे। उन्हें मां नलिनी देशपाण्डेय का भी उचित मार्गदर्शन मिलता रहा।



# खेल-खेल में बच्चे सीख रहे नाट्य विधा के गुर

**बिलासपुर।** रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में चल रहे समर कैंप में अग्रज नाट्य दल द्वारा बाल नाट्य शिविर संचालित किया जा रहा है। जिसमें बतौर प्रशिक्षक अग्रज के रंग कर्मी अरुण भांगे द्वारा बच्चों को नाट्य विधा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। बच्चे विभिन्न थिएटर गेम्स एवं गतिविधियों के माध्यम से खेल-खेल में मज़े से नाट्य विधा के करीब आ रहे हैं।

15 दिवसीय शिविर में बच्चों को भाव, आवाज़, बॉडी लैंग्वेज आदि की प्रायोगिक गतिविधि कराते हुए अभिनय एवं रंगमंच का बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह उन्हें रंगमंच के अलावा आम जीवन में भी ख़ुद को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करने में मददगार सिद्ध होगा।

अरुण भांगे द्वारा नाट्य शिविर में बच्चों के साथ रविन्द्र नाथ टैगोर की कहानी 'भिखारिन' पर आधारित नाटक तैयार किया जा रहा है। इसका मंचन समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर 15 जून को एन. ई इंस्टीट्यूट के मंच पर किया जाएगा। जिसमें बच्चे चरित्र के अनुसार वेशभूषा, रुप सज्जा के साथ प्रस्तुति देंगे। समापन समारोह सफल बनाने रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट के सचिव सी. नवीन, हेमंत परिहार, राजा गुरुंग आदि जुटे हैं।

**रेल्वे में चल रहा बाल नाट्य शिविर, समापन पर होगा नाटक का मंचन**



# साहित्य सभा में गीत-संगीत नृत्य की शानदार प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ बंगला अकादमी बिलासपुर द्वारा दुर्गाबाड़ी बंग भवन टिकरापारा में 219 वीं साहित्य सभा आयोजित की गई। इसमें गीत-संगीत, नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वहीं काजी नजरुल इस्लाम जयंती उत्सव एवं बंगला अकादमी के पूर्व सचिव स्व. अरूप रंजन घोष की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बिलासपुर। कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन, गीत-संगीत, नृत्य आलेख तथा नाटक के माध्यम से दोनों कवियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। अरूप रंजन ने बंगला अकादमी का उद्बोधन संगीत आमार भाषा तोमार भाषा... स्वर बद्ध किया। समूह गीत में निहार सोमा मल्लिक, मौसमी सौरभ चक्रवर्ती, मौमिता शिबानी चक्रवर्ती,अनिता गोलदार, प्रतिमा पाल, मोनिका घोष, गोपा दास गुप्ता, अनुराधा मुखर्जी, प्रमिला गुप्ता, पियाली घटक, अचिंतो बोस ने सहयोग किया। तबला पर जय डे ने संगति दी। डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी ने काजी नजरुल इस्लाम एवं स्व. अरूप रंजन घोष के काव्य संकलन से उद्धरित रचनाओं की समीक्षात्मक बात रख कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। एकल गीत की श्रृंखला में निहार मल्लिक, शुभांशु घोष, सौरभ चक्रवर्ती, मोनिका घोष, अचिंतो बोस ने प्रस्तुति दी। रूपा राहा, डॉ सोमा मल्लिक, पार्थो सरकार, प्रतिमा पाल, आयुष प्रमाणिक, आरुष अरुणाभ चक्रवर्ती, प्राकृत गोलदार ने कविता पाठ किया। आदित्री अद्रिका प्रिशा घोष ने नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन राजा दास गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन अध्यक्ष नामिता घोष ने किया।

### गीति आलेख रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण स्व. अरूप रंजन घोष, कवि, नाट्यकार, लेखक, संगीतकार एवं सिद्ध हस्त एक्यूपंचारिस्ट घोष की जीवनी एवं उनकी रचनाओं पर आधारित गीति आलेख रहा। जिसकी रचना, निर्देशन व भाष्यपाठ असित बरण दास एवं पियाली घटक ने किया। उक्त गीति आलेख में स्व. घोष की रचनाओं से पाठ सौभिक दासगुप्ता ने किया। गायन देवाशीष सरकार, मौसमी चक्रवर्ती, प्रबाल मुखर्जी, मौमिता चक्रवर्ती ने प्रस्तुत किया। असित बरन दास द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक का मंचन किया गया। जिसमें असित बरन, प्रबाल, देवाशीष, मौमिता एवं पियाली ने अभिनय किया।



**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में बीके कृष्णा गोस्वामी, मानस, अमृता चटर्जी, डॉ सोमनाथ, अनुराधा मुखर्जी, देवनाथ, ऋतु मुखर्जी, अमित रीता दास, हासी बनर्जी, शिखा दत्ता, राखी घोष, पीयू भट्टाचार्य, उमा दास, रूमा सिन्हा, रिंकू मित्रा, डॉ प्रशांत, अमित, कौशिक चक्रवर्ती, प्रणव चटर्जी, पार्थ प्रतिम भादुरी, श्याम चटर्जी, प्रसून बनर्जी, रंजू शुभ्रा मित्रा, कमल घोष व शिउली घोष उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ बंगला अकादमी का आयोजन**

ज्येष्ठ नागरिक संघ ने आयोजित किया परिसंवाद कार्यक्रम

# सामाजिक दायित्व का निर्वहन आज की महती आवश्यकता

**कार्नर न्यूज**

विश्व जागरूकता दिवस पर शनिवार को ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित की अध्यक्षता में अनुभव भवन में एक गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें परिवार समाज में बुजुर्गों के साथ हो दुर्व्यहार पर रोकथाम व निवारण को लेकर चर्चा की गई।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व जस्टिज चन्द्रभूषण बाजपेयी ने कहा कि कानूनी कार्यवाही अंतिम उपाय है तथा समाज व परिवार के बीच आपसी बातचीत कर विवाद का निपटारा करने हेतु ज्येष्ठ नागरिक संघ एक काउन्सिलिंग सेंटर भी स्थापित करें। जेएनएस के सदस्यों का दायित्व रहे कि वे एक बेहतर संस्कार देवें चूंकि अब पुलिसिंग भी समझाइश के साथ केश दर्ज करती है। वहां भी काउन्सलिंग होती है यहां पुलिस का सहयोगात्मक रूख रहता है अतः परिवार में यदि किसी बुजुर्ग के साथ दुर्व्यवहार होता है तो कानूनी प्रावधान अनेक है पर समझाइश के साथ यदि व्यवहार अच्छा मिलने लगे तो बेहतर है। सचिव सत्यभामा अवस्थी ने भी काउसलिंग केन्द्र प्रारंभ करने की बात कही। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मोहन देवपुजारी, अरविन्द दिवाकीर्ति, डीपी गुप्ता, बालगोविन्द अग्रवाल, प्रभात मिश्रा, नित्यानंद अग्रवाल, सुरेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, मंजूला गुहा, शीला शर्मा, प्रेमलता राजपूत, राकेश बाकरे, रामसिंह स्वर्णकार, डॉ सुधाकर बिबे, राघवेंद्र धर दीवान, निशेष वर्मा व अन्य वरिष्ठ जन

## निधन



### सत्यभामा ठाकुर

**बिलासपुर।** सत्यभामा ठाकुर का 15 जून को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कोटिया (दगोरी-बरतोरी) में किया गया। वे पूर्व एल्डरमैन जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी सुभाष ठाकुर एवं अतिरिक्त लोक अभियोजक दल्लू सिंह ठाकुर, राजाराम ठाकुर, हनुमान सिंह ठाकुर की चाची थीं।



### कृष्ण किशोर अग्रवाल

**बिलासपुर।** टैगोर चौक निवासी कृष्ण किशोर अग्रवाल का 15 जून को निधन हो गया। वे 63 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे सरला अग्रवाल के पति व स्नेह, प्रतिभा अग्रवाल के पिता थे।



### अरूण कुमार साहू

**बिलासपुर।** एसईसीएल चिरमिरी जीएम कार्यालय में कार्यरत बिरकोना निवासी अरुण कुमार साहू का 14 जून को दिल्ली में निधन हो गया। वे 58 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार रविवार 16 जून को बिरकोना मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. बुगल राम साहू के पुत्र एवं अरुण साहू के पिता थे।



### निराला सामुएल

**बिलासपुर।** फास्टरपुर मुंगेली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका निराला सामुएल का शनिवार को निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 16 जून रविवार को दोपहर 1 बजे फास्टरपुर में किया जाएगा। वे स्व. सामुएल मसीह की पत्नी थीं।



### कविता धनवानी

**बिलासपुर।** मिशन स्कूल रोड राजेन्द्र नगर निवासी कविता धनवानी का निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 16 जून रविवार को दोपहर 12.30 बजे झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कालोनी में किया जाएगा। वे नारायण दास धनवानी की पत्नी एवं करतार (बिल्लू) धनवानी की माता एवं शंकर धनवानी की भाभी थीं।



### रामेश्वर प्रसाद केशरवानी

**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहडण्डा के मालगुजार रामेश्वर प्रसाद केशरवानी का 82 वर्ष की उम्र में 15 जून को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। वे जिला भाजपा मंत्री दीनानाथ केशरवानी व आनंद केशरवानी के पिता एवं मिथलेश केशरवानी एवं नवीन केशरवानी के बड़े पिता थे। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### डेरहाराम यादव

**बोदरी।** ग्राम कोरमी के प्रतिष्ठित नागरिक डेरहा राम यादव का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम कोरमी के मुक्तिधाम में किया गया। वे महामंत्री कांग्रेस कमेटी बिलासपुर गौरीशंकर यादव, सुमित यादव, अनीता, निर्मला एवं ममता यादव के पिता थे।



### छेदी राम जायसवाल

**जरहागांव।** सेमरचुवा निवासी छेदीराम जायसवाल का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे तिहारीराम, लेखुराम, फेकूराम, पवन जायसवाल के पिता तथा रामदयाल, चैनकुमार, हीरालाल, गौकारण, गंगाराम, अन्नुकुमार, दिलकुमार, दिलहरण, लोकेश, लिकेश के दादा थे।

# रखरखाव के अभाव में कबाड़ हो गए स्कूलों में रखे फर्नीचर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नया सत्र प्रारंभ होने में कुछ दिन ही बचे हैं। अशासकीय विद्यालय संचालक जरूरी संसाधनों के रखरखाव में जुट गया है। वही शासकीय विद्यालयों को इससे कोई सरोकार नहीं है। यही कारण है कि जिले की शालाओं को भेजे गए लाखों रुपए के फर्नीचर घटिया क्वालिटी तथा रखरखाव न होने की वजह से कबाड़ के रूप में भरे हुए हैं।

जिला मुख्यालय सहित ब्लाक की अधिकांश शालाओं में कुछ वर्ष पूर्व भेजे गए फर्नीचर के टूटने की वजह से शाला के एक दो कमरे तो सिर्फ इन्हीं कबाड़ की वजह से भरे हुए हैं। घटिया फर्नीचर की आपूर्ति पर ठेकेदार की राशि काटने का प्रावधान है पर अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है। गत वर्षों में जो फर्नीचर भेजे जा रहे हैं वे बेहद घटिया क्वालिटी के हैं जिसकी वजह से आने के कुछ माह के ही भीतर अधिकांश फर्नीचर टूट गए हैं। फर्नीचर की क्वालिटी की खामियां बताते हुए कई शिक्षकों ने बताया कि टेबल पर यदि खेल-खेल में बच्चे खड़े हो जाते हैं तो टेबल टूट जाती है। यही हाल बेंच का है। पहले की लोहे की बेंच में तीन-चार



कबाड़ के रूप में रखे फर्नीचर।

विद्यार्थी आसानी से बैठ जाते थे आज दो विद्यार्थी बैठे नहीं कि बेंच के पाए फैलकर टूट जाते हैं। रिपेयरिंग करने लायक टूटे फर्नीचरों को रिपेयर कर काम चलाने तथा काम नहीं आने लायक फर्नीचर को शाला की समिति से चर्चा कर बेचने के निर्देश दिए जाते हैं। नियमानुसार साल भर के पूर्व फर्नीचर के खराब होने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जानी थी। परंतु जिले में घटिया फर्नीचर की सप्लाई करने वाले किसी भी ठेकेदार के खिलाफ न तो कार्यवाही की गई और न ही राशि आज तक काटी गई है। सप्लायर फर्नीचर की एक वर्ष का गारंटी लेता है तथा इसके लिए उसकी राशि जमा रखने का प्रावधान है परंतु घटिया फर्नीचर सप्लाई करने तथा साल भर पूरा होने के पूर्व फर्नीचर के टूटने के बाद भी ठेकेदारों को पूरी राशि प्रदान कर दी जाती है। घटिया फर्नीचरों की वजह से शालाओं में स्तरहीन फर्नीचरों के टूटने से ब्लाक की अधिकांश शालाओं में लाखों रुपए का फर्नीचरों का कबाड़ जमा हो गया है। शहर के स्कूलों सहित ग्रामीण इलाकों की कई शालाओं के बरामदे तथा कमरों में टूटे फर्नीचरों को रखा गया है तो कई शालाओं में बकायदा एक कमरे फर्नीचरों को रखने के ही काम आ रहा है।

# महंत दंपती ने किया सर्व आदिवासी समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत और कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने मरवाही विधानसभा क्षेत्र के कोदवाही गांव में सर्व आदिवासी समाज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का स्वागत किया, कोरबा लोकसभा जिताने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

सर्व प्रथम मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी को सम्बोधित किया। इसके बाद पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने सम्बोधन में कोरबा लोक सभा से ज्योत्सना महंत की जीत की ख़ुशी जाहिर की, उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला बना, हम सभी चाहते हैं कि जिले का समुचित विकास होता रहे। इसके बाद सांसद ज्योत्सना महंत ने सभा को सम्बोधित करते हुए सर्व आदिवासी समाज को नये भवन की बधाई दी। अंत में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि आपने लोकसभा में हमें जिताया है, इसलिये हम लोग शपथ ग्रहण से पहले आप सभी का धन्यवाद ज्ञापित करने आए हैं, आभार प्रदर्शन करने आए हैं। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष दया राम वाकरे ने सभी अतिथियों के आगमन पर आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शैलेश पांडे, मनोज गुप्ता, उत्तम वासुदेव, अशोक शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष केशरी, प्रशांत श्रीवास, डॉ नरेंद्र राय, मोहन शुक्ला, अर्चना पोर्ते, गुलाबराज, गजमती भानु, शंकर कंवर, अमन शर्मा, अजय राय, पुष्पराज सिंह, अर्पित राय, वीरेंद्र बघेल, अनिल साहू, हरीश राय, हर्ष गोयल, नारायण शर्मा, मनोज साहू सहित तमाम कांग्रेसी नेता कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



### बलौदाबाजार मामले में सरकार से मांगा इस्तीफा

आदिवासी समाज के कार्यक्रम के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने मीडिया से बात करते हुए मोदी मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ से केवल एक सांसद को मंत्री बनाये जाने पर तंज कसा है। महंत ने कहा कि यहां के सांसदों के साथ गलत हुआ है, छत्तीसगढ़ से दो तीन सांसद मंत्री बनने योग्य है, अगर हमारी सिफारिश चली तो मोदी जी से कहेंगे कि छत्तीसगढ़ से दो तीन सांसदों को मंत्री पद दिया जाये। वहीं चरणदास महंत ने बलौदाबाजार हिंसा मामले में सरकार को इस्तीफ़ा देने की मांग

# जलभराव से बचने की जा रही नाले की सफाई

**तखतपुर।** बरसात में जलभराव से बचने पचरईया नाला की सफाई की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्णकुमार साहू ने कार्य का जायजा लिया और काम में लगे ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बरसात के मौसम में नगर में पचरईया नाला में पानी की निकासी ठीक से नहीं होने के कारण हर वर्ष बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है और जानमाल की हानि होती है। प्रतिवर्ष बरसात के समय ही पचरईया नाला की सफाई हो जाने की बात कही जाती है पर बाद में इस पर ध्यान नहीं जा पाता पर इस वर्ष पहले से ही स्थिति बिगड़ न पाए इसलिए इसकी साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कृष्ण कुमार साहू, शिप्रा सामुएल, नरेंद्र रात्रे, विनोद तोलानी नाले के पास हो रहे साफ सफाई को देखने के लिए पहुंचे तथा ठेकेदार को निर्देशित किया कि बारिश होने के पूर्व ही नाले की साफ सफाई कर दी जाए।



# शाला प्रवेशोत्सव को लेकर बीईओ ने ली बैठक



■ विभागीय योजनाओं को पालन करने दिए निर्देश

**मस्तूरी।** नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालयीन और विभागीय दिशा निर्देश के संबंध में विकासखंड मस्तूरी के 357 प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानपाठकों की बैठक विभिन्न जोनों में आयोजित की गई। इसी कड़ी में स्थानीय शासकीय बालक हायर सेकंडरी स्कूल में शनिवार को 14 संकुलों के 130 प्रधानपाठकों की बैठक लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन ने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय निर्देश में विद्यालय खुलने के पूर्व तैयारी में साफ सफाई, रसोई कक्ष को व्यवस्थित करने, शौचालयों को उपयोगी बनाने, बिजली पानी की व्यवस्था, पुताई, प्रिंट रिच आकर्षक वातावरण, शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम, न्योता भोज, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण, पुस्तक, गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन संचालन, अप्रेवशी बच्चो को शत प्रतिशत एवं नियमित उपस्थिति, जनसहयोग से बच्चों को पठन सामग्री वितरण, छात्रवृत्ति, शिक्षक दैनंदिनी, प्रधानपाठक की डायरी, किचन गार्डन, शिक्षण कार्य के प्रथम दिवस से समय सारिणी के अनुसार शिक्षण कार्य का संचालन, तीन माह का विषयगत शिक्षण रोड मैप, बालवाड़ी, स्कूल रेडिनेस, एफ एल एन , सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं व विभागीय निर्देशों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए शासन के निर्देशो का शक्ति से पालन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में बीआरसी मस्तूरी भागवत साहू, हायर सेकेंडरी स्कूल हिर्री के प्राचार्य यूके पंकज, राजेश सिंह एपीओ साक्षर भारत, संकुल समन्वयक केके सिंह, सूरज क्षत्री, अरुण जायसवाल, सुचित्र चंदेल, सुरेश चेलकर, सतीश महिलांगे सहित समस्त प्रधान पाठक उपस्थित रहे।




हरिभूमि बिलासपुर संस्करण के 24वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...




**सरस्वती शिशु मंदिर मुंगेली शीघ्र आवश्यकता है**

निम्न पदों पर आवश्यकता है-

| पद/विभाग | | योग्यता |
|---|---|---|
| रसायन | 01 पद | एम.एस.सी., बी.एड. |
| कृषि विज्ञान | 01 पद | बी.एस.सी. कृषि / एम.एस.सी. |
| कृषि | | |
| अंग्रेजी | 01 पद | एम.ए./बी.एड. |
| हिन्दी | 01 पद | एम.ए./बी.एड. |
| लेखापाल | 01 पद | स्नातक/ कम्प्यूटर प्रशिक्षित |
| मिडिल विभाग | 04 पद | स्नातक/डी.एल.एड. |
| प्राथमिक विभाग | 06 पद | स्नातक/डी.एल.एड. |

टीपः- इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों को स्व प्रमाणित कर 100/- आवेदन शुल्क सहित आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, पासपोर्ट साईज का फोटो, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंडाराकापा मार्ग मुंगेली में जमा करें।

वेतन- 4000/- से 8000/- पद की योग्यतानुसार
आवेदन की अंतिम तिथि 22 जून 2024 तक
साक्षात्कार दिनांक 25/06/2024 दिन - मंगलवार समय प्रातः 11:00 बजे

प्रकाश लोढ़ा, अध्यक्ष — महालाल शिवनाणी, व्यवस्थापक

कक्षा अरूण से द्वादश तक प्रवेश प्रारंभ है।
बच्चों को लाने ले जाने हेतु अनुबंध में स्कूल बस (मैजिक, मारूति वेन) लगाने हेतु सम्पर्क करे।

सम्पर्क नम्बर 9893431207, 9630744101








# नई फिल्म के लिए रणवीर को बढ़ाना पड़ रहा है 15 किलो वजन

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर तैयारी में जुटे हैं और अभिनेता अपने शारीरिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस बात का दावा लेखिका शोभा डे ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। उन्होंने रणवीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए वजन बढ़ा रहे हैं। लेखिका शोभा डे ने रणवीर सिंह से एक कैफे में मिलने के बाद कुछ तस्वीरें साझा की।तस्वीरें साझा करते हुए शोभा ने लिखा, 'अलीबाग के हमारे पसंदीदा कैफे में चौंकाने वाली मुलाकात, सेल्फी किंग रणवीर पिता बनने से पहले बहुत जरूरी समय बिता रहे हैं। उन्हें अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने की जरूरत है। हमेशा की तरह आकर्षक, सहज और हमेशा विनम्र।

लाइफ Style



# स्वरा
## 'कम से कम जीवित तो हैं...'

अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रणौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद कंगना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया इस मामले में लोग अपनी -अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


हाल ही में स्वरा भास्कर ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना अक्षम्य है और ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि चलो कंगना को थप्पड़ ही पड़ा है, वो जिंदा तो हैं। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने कहा, 'कोई भी समझदार व्यक्ति यही कहेगा कि कंगना के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। कोई भी ऐसा नहीं है जो कंगना के साथ हुई हिंसा या मारपीट को सही ठहराएगा।' अभिनेत्री ने कहा, 'हां, कंगना के साथ जो हुआ वह गलत था और ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी पर भी हमला करना सही नहीं है। लोग कंगना के दक्षिणपंथी समर्थकों से यही कह रहे थे कि उन्हें इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वह वही लोग हैं, जो लिंचिंग को सही ठहराती हैं।' स्वरा ने आगे कहा, 'कंगना को सिर्फ थप्पड़ पड़ा है और ऐसा भी नहीं होना चाहिए था। मगर कम से कम वह जिंदा हैं। उनकी सुरक्षा उसके आसपास है। इस देश में लोगों की जान गई है, उन्हें पीट-पीट कर मार डाला गया है, ट्रेन में सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, दंगों में सुरक्षाकर्मियों को लोगों की पिटाई करते हुए रिकॉर्ड किया गया है।'

# बनना था हीरोइन, बन गई विलेन
## राजेश की फिल्म से रातों-रात बनी स्टार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, अनुपम खेर और जितेंद्र जैसे स्टार के साथ काम कर



चुकीं वो एक्ट्रेस जिनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह मां को देखते हुए एक्ट्रेस बन गईं। आई तो फिल्मों में हीरोइन बनने थी, लेकिन इंडस्ट्री ने उन्हें विलेन बना दिया। 90 के दशक में तो वह हर फिल्म में नेगेटिव सास के रोल में नजर आने लगी थीं। राजेश खन्ना और आशा पारेख की फिल्म से पहचान बनाने वाली वो एक्ट्रेस अपने दौर में अपने नेगेटिव रोल के साथ-साथ अपने जबरदस्त डांस के लिए भी पहचानी जाती थीं। फिल्मों में विलेन के किरदार निभाकर खूब वाहवाही लूटी थी। साल 1962 से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली इस एक्ट्रेस के साथ करियर की शुरुआत में बहुत भेदभाव किया गया था। ये खुलासा सालों बाद खुद दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था। इंडस्ट्री की वो टैलेंटेड एक्ट्रेस बिंदू हैं। अपने करियर में उन्होंने सिनेमा की दुनिया के जाने माने विलेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फिल्मों में कड़ी टक्कर दी है। लेकिन, पर्सनल लाइफ में उन्हें मां बनने का सुख कभी नसीब नहीं हो सका। बिंदू को बाली उम्र में ही अपने पड़ोसी चंपक लाल जावेरी से प्यार हो गया था। दोनों ही एक-दूसरे पर दिल हार बैठे थे। बिंदू ने 18 साल की उम्र में ही उनसे शादी रचा ली थी। दोनों में 5 साल का अंतर था। अपने एक इंटरव्यू एक्ट्रेस ने बताया था कि दोनों के फैमिली शादी के लिए तैयार नहीं थी। बिंदू इंडस्ट्री में हीरोइन बनने का सपना लेकर आई थी। लेकिन उनका ये सपना कभी पूरा नहीं हो सका और इंडस्ट्री में काम ना मिलने के बाद उन्होंने विलेन बनकर ही काम करना शुरू कर दिया था। उनके पिता नानूभाई देसाई उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह एक्ट्रेस बन गईं।



# डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं...

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'इश्क विश्क रिबाउंड' है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पश्मीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं। डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पश्मीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है। अभिनेत्री ने कहा, "इसलिए, मैंने मार्केटिंग के लिए यूके में विभिन्न विश्वविद्यालयों में आवेदन किया था। मुझे वीजा भी मिल गया था, कमरे बुक हो चुके थे। उस समय गर्मियों की छुट्टियां चल रही थीं और मैं बहुत उदास थी। मेरे सभी दोस्त पार्टियों में जाते थे और वे सब कुछ करते थे।



# फैंस ने पूछा- क्या है राजकुमारी का नाम

**नई दिल्ली।** वरुण धवन इस समय अपनी जिंदगी के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी बेटी का स्वागत किया है और ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपना ज्यादातर समय अपनी नन्ही राजकुमारी के साथ बिता रहे हैं। इसके बाद से एक्टर सोशल मीडिया पर थोड़ा कम एक्टिव हो गए हैं। फैंस बेबी धवन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब एक्टर ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस नए पापा की तारीफ करने लगे और उनकी बच्ची की तस्वीरें मांगने लगे। एक फैंस ने वरुण से पूछा, राजकुमारी का नाम क्या रखा है? एक फैन ने लिखा, 'वरुण, हमें अपनी राजकुमारी की पहली तस्वीर कब मिलेगी?' दूसरे प्रशंसक ने पूछा, 'बच्ची कैसी है'। एक अन्य प्रशंसक ने यह भी पूछा, 'क्या जॉय अपनी छोटी बहन से मिला?" कुछ प्रशंसकों ने नवजात बच्ची और उनकी पत्नी नताशा दलाल के बारे में भी पूछताछ की। वर्क फ्रंट की बात करें वरुण धवन की झोली में कुछ रोमांचक फिल्में हैं। अभिनेता को आखिरी बार नितेश तिवारी की फिल्म 'बवाल' में जान्हवी कपूर के साथ देखा गया था ।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2024,
बिलासपुर, दिनांक 13.05.2024

प्रति,
मो. इरशाद अली आत्मज मो. शरीफ उम्र 23 वर्ष निवासी करबला तालाब करबला चौक वार्ड नंबर 25 जूना बिलासपुर थाना सिटी कोतवाली तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी ईशा जेकब आत्मजा नरेन जेकब उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम चंद्रखुरी (बैतलपुर) थाना तहसील सरगांव जिला मुंगेली छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 20.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


इरशाद अली


ईशा जेकब

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अष्ठम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

संतोष लास्कर वगै.............आवेदक
विरुद्ध
अभिमन्यु मरकाम वगै.......अनावेदकगण
दावा प्रकरण क्रमांक 151/2023
पेशी तारीख 26.06.2024
प्रो.क्र.- 790/12.06.24
बनाम

श्रीमती रुकमणी मरकाम्पति अभिमन्यु मरकाम उम्र 33 वर्ष लगभग पेशा गृहणी निवासी ग्राम खैरा पो.आ. चपोरा तहसील रतनपुर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन नं. 495442 वर्तमान पता श्रीमती रुकमणी मरकाम पिता चतुर सिंह निवासी आनंद नगर (साई नगर) उसलापुर थाना सिविल लाइन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन नं. 495001 (पंजीकृत वाहन स्वामिनी वाहन मो.सा. क्रमांक सी.जी. 10 एस. 5652 )

आवेदकगण संतोष लास्कर पिता प्यारे लाल लास्कर उम्र 35 वर्ष लगभग पेशा मजदुरी, श्रीमती मधुलता लास्कर पति संतोष लास्कर उम्र 28 वर्ष दोनो निवासी ग्राम चपोरा खुटापारा पो.आ. चपोरा तहसील रतनपुर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतू आवेदन पत्र धारा 163 (क) संशोधित अधिनियम 164 सन 2019 मो. यान. अधि.का एक प्रकरण संस्थित किये है।

अतः आपको इस न्यायालय मे दिनांक 26.06.24 को दिन मे 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतू उपसंजात हाने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजो सहित जिनपर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतू निर्भर रहना चाहते है को पेश करे।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय मे उपसंजात नही होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति मे किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 12-06 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अष्ठम अपर मोटर यान दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

# जब बॉक्स ऑफिस पर भिड़े थे आमिर-सनी रेस में आगे निकली थी गदरः एक प्रेम कथा

**मुंबई।** वर्ष 2001 था और जून के महीने में सिनेमा के शौकीनों को दो फिल्मों को तोहफा मिला था। आमिर खान 'लगान' लेकर आए थे तो सनी देओल 'गदर'। 15 जून को दोनों फिल्में एक साथ रिलीज हुई थीं। दोनों पर दर्शकों का प्यार बरसा था। दोनों फिल्मों की कहानी, स्टारकास्ट और गाने सबकुछ अपने आप में खास थे। लेकिन आमिर और सनी देओल के बीच बॉक्स ऑफिस महामुकाबले में किंग कौन बना था?
अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'गदर' में सनी देओल के साथ अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी के साथ-साथ इसमें हिंदुस्तान के विभाजन की त्रासदी को



दिखाया गया। फिल्म के गाने सुपरहिट हुए। डायलॉग तो ऐसे चले कि आज तक बोले जाते हैं। फिल्म में सनी देओल का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन आइकॉनिक बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गदर एक प्रेमकथा का पहला शो सुबह छह बजे से शुरू किया गया था। सनी देओल के फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी थी। उस वक्त वीसीआर का दौर था।

## टैक्स फ्री कर दी गई थी फिल्म लगान

आमिर खान की लगान का निर्देशन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। फिल्म का निर्माण खुद आमिर खान और रीना दत्ता ने किया। 'लगान' फिल्म के साथ आमिर ने बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगान फिल्म को भारत में टैक्स फ्री कर दिया गया। ये फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में फोरेन लैंग्वेज की कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हुई थी। हालांकि फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिल पाया था। इस फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह नजर आई थीं।



### बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा प्रदर्शन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक गदरः एक प्रेम कथा का बजट करीब 18 करोड़ रुपए था। गदर फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन करीब 76.65 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार 132.60 करोड़ था। आमिर की लगान का बजट गदर से ज्यादा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगान को करीब 25 करोड़ रुपए में बनाया गया था।

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग.**
**नोटिस / सूचना**

क्र. 7
रा.प्र.क्र. 202403070100005/161/अ-6 अ 2023-24

ग्राम सिलपहरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर
अनावेदक - अनुसूईया पिता सिपाड़ी निवासी तारबहार डिपूपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
प्रति अनुसूईया पिता सिपाड़ी निवासी तारबहार डिपूपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक भगवती दास मानीकपुरी पिता सी.डी. मानिकपुरी जाति पनिका निवासी ग्राम तारबहार डिपूपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने ग्राम सिलपहरी प.ह. न. 04 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा न. 351 रकबा 600 वर्गफीट भूमि के संबंध में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिल्हा जिला बिलासपुर के रा.प्र.क. 2024030 70100005/161/अ-6 अ 2023-24 को आवेदन प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

जिसमे दिनांक 28,06, 2024 को इस न्यायालय मे सुनवाई किया जाना है।

अत: आपको एतद् द्वारा सूचना दिया जाता है कि उक्त प्रकरण में दिनांक 28.06.2024 को सुबह 11.00 बजे इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

आज दिनांक 07.06,2024 को जारी किया गया।

तहसीलदार, बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील बिलासपुर प.ह.न. - 00035 मंगला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202324400108100163

ईश्तहार

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम मंगला के वर्तमान भूमिस्वामी रामदयाल पिता/पति- पिता रामरतन पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 548/1(0.0280), 612 / 8 (0.0160) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता सीता बाई पटेल पिता/पति स्व रामदयाल पटेल पता-मंगला बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार Atul Vaishnav**
**तहसील बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा प.ह.नं. 18 ग्राम लगरा तहसील बिलासपुर में स्थित भूमि जो कि रामदुलारी पिता पुसऊ सूर्यवंशी (अ.जा.) के नाम पर है। खसरा नं. 3/2 रकबा 052 डिसमिल है। भूमि का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है। इस बाबत किसी व्यक्ति, बैंक संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर समस्त कागजात सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

**भवदीय**
**श्री बलवीर सलूजा**
**मिलन मंदिर के सामने,**
**गोड़पारा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मोबा.- 8966000006**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है की आवेदक (क्रेता) गुरवीन सिंह भाटिया पिता श्री परमजीत सिंह भाटिया निवासी पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर (छ.ग.) (पक्षकार विक्रेता) सचिन रावलानी तरफ से मु.आम लखन टेकचंदानी पिता श्री गागान दास टेकचंदानी निवासी वैशाली नगर बिलासपुर (छ.ग.) जिनकी भूमि रामा वैली प्रीमियम में स्थित हैं, जिसका खसरा नं. 15001/165 में से रकबा 1622.5 फुट जिसका प्लाट नं. 88 का पक्का सौदा तय हो चुका है निकटतम में रजिस्ट्री कराना है अत: उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो सात दिन के अन्दर सूचित करे

**भवदीय**
**गुरवीन सिंह भाटिया**
**मो.नं. 9131668225**

**न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ: जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.- 00033 चांटीडीह ग्राम के नामातरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD202324400107400097

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00033 के अंतर्गत ग्राम चांटीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी हीरालाल पिता/पति-पिता जैत राम साहू पता-सा सेंदरी भू स्वा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 318/18(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमित कुमार मिश्रा पिता/पति-श्यामा कां त मिश्रा पता-अंजनी विहार चांटीडीह बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनाक 18/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अति तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2024 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार SHRI MUKESH KUMAR DEWANGAN**
**बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / अति. तह. / वा. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 10/06/2024

ग्राम चुमकवा सर्व साधारण / आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम चुमकवा प.ह.न. 21 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 544/1क रकबा 0.3740 एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री छन्नूलाल यादव आ. स्व. बुधराम यादव निवासी अमतरा द्वारा आवेदन किया गया ।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 24/06/24 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 10/06/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6-अ/2023-2024

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक मंगलूराम पटवा पिता मोतीलाल पटवा जाति पटवा निवासी ग्राम सकरी, तहसील सकरी जिला बिलासपुर ने आवेदन दिया है कि ग्राम सकरी, प.ह.न. 45 म.न. 03 स्थित भूमि खसरा नंबर 26/1 रकबा 0.69 एकड़ भूमि को क्रय कर नामांतरण क्रमांक 84 दिनांक 25.08.1988 को नामांतरण दर्ज कराया है उक्त भूमि मे से रकबा 0.23 एकड़ भूमि जोगीडबरी निर्माण योजना के तहत दिया गया था शासन द्वारा जोगी डबरी का निर्माण नहीं हुआ है। उक्त भूमि पर निर्माण कार्य नही होने के कारण आवेदक का कब्जा चला आ रहा है। अत: उक्त भूमि को जो शासन के नाम दर्ज है उसे आवेदक का नाम दर्ज किया जावे।

उक्त आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा) तखतपुर से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 20.06.2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**आम सूचना / ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार मौजा मसानगंज सरजू बगीचा प.ह.नं.-22 तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि शीट नंबर 115 / 2 रकबा 1322 वर्गफुट को भूमि स्वामी 1. करूणा मिश्रा उम्र लगभग 50 वर्ष पिता ईश्वरदीन ओझा 2. रजनीश ओझा उम्र लगभग 45 वर्ष पिता ईश्वरदीन ओझा निवासी मसानगंज सरजू बगीचा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से खरीदने का पक्का सौदा कर बतौर बयाना राशि दी जा चुकी है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में होना है।

अत: उक्त सौदे के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/ अर्द्धशासकीय कार्यालय/निकाय या अन्य किसी को भी यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। इसके बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
सो सूचना जाने।
दिनांक- 14/06/2023

भवदीय
(अंजनी बंजारे ) अधिवक्ता
पता नेहरू नगर बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 6266555897

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ तह. / वा./2024
बिलासपुर, दिनांक 12/6/2024

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा पह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1322/2, 1077/5 रकबा 0.0160, 0,0120 एकड भूमि की किसान किताब के लिए श्री साधना दुबे पति उत्तम दुबे निवासी तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 27/6/2024 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 12/6/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मौजा धमनी प.ह.नं. 128/7 (00007) खसरा नं. 119 रा.नि.मं. व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर में स्थित कृषि भूमि, रकबा 0.2230 हेक्टेयर को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है। शीघ्र ही मेरे द्वारा पंजीयन करा लिया जावेगा।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। इसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी, सो सूचना जाने ।
दिनांक : 14/06/2024

**भवदीय**
**विजय अग्रवाल**
**पिता- दिलीप कुमार अग्रवाल**
**पी / 5 संजय अपार्टमेंट,**
**व्यापार विहार रोड बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9826141697**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल - सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**

क्र...सीमांकन /रा. नि./2024
दिनांक 4.6.2024

**सूचना**

आवेदक अशोक
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. हासिम अली 2. धीरेन्द्र सिंह 3. राजेश साहू 4. रमन जोगी 5.- 6. अन्य सर्व सम्बंधित
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत
**सन्दर्भ** :- न्यायलय तहसीलदार /अति तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र आ. दि. 21.12.2023

आवेदक अशोक पि./प. मथुरा प्रसाद निवासी तिफरा के द्वारा ग्राम तिफरा प.ह.नं. 40 रा. नि. मंडल सिरगिट्टी तह व जिला बिलासपुर स्थिति भूमि खसरा नं 643/2,645/1 रकबा 0.282 ए./हे. के सीमांकन हेतु आवेदन न्याय - तहसीलदार / अति. तहसीलदार / ना. तहसीलदार के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायलयीन आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 18.6.2024 को समय 10 से 5 बजे किया जायगा ।

आप भूमि से सम्बंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौक़े पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। अनुपस्थित के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायगा।
टीप :- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**सिरगिट्टी तह व जिला बिलासपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म... तह. जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// सीमांकन सूचना //**

माननीय न्यायालय अति. तहसीलदार के ज्ञापन दिनांक 14.05.2024 में ग्राम घुरू प.ह.नं.61, रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अतर्गत खसरा नं. 436/1 रकबा 0.012 ए./हे. आवेदक भूमि स्वामी कृष्णा बाई पिता/पति मोहनलाल निवासी घुरू के द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 18.06.2024 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा।

अत: आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदार समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे । अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा । अत: सूचना जानें।

टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणो से सीमांकन/बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

पटवारी हल्का 61, के पटवारी श्री मनमोहन सिदार उपरोक्त आवेदित भूमि के आवेदक एवं समीपवर्ती खातेदारो का नाम नीचे नियत रिक्त स्थान इन्द्राज कर सूचना तामिल करायें एवं नियत सीमांकन तिथि को संबंधित ग्रामो के अभिलेख सहित कोटवारो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं. सकरी**
प्रति, 1. कृष्णा बाई पति मोहनलाल 2. दशरथ सूर्यवंशी साण्डेह 3. गुलाबा बाई साण्डेह
**मनमोहन सिंह सिदार**
**प.ह.नं. 61 तहसील सकरी,**
**जिला बिलासपुर छ.ग.**

कर्मियों को कार्यस्थल पर स्वच्छता रखने किया आह्वान

# एसईसीएल सीएमडी ने स्वच्छता पखवाड़ा पर दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





■ 16 जून से 30 जून तक "विशेष स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा

केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप एसईसीएल में स्वच्छता ही सेवा के उद्धेश्य को अपनाते हुए 16 जून से 30 जून तक "विशेष स्वच्छता पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा का इस वर्ष का थीम- वर्षा जल संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन" है।

16 जून को एसईसीएल मुख्यालय प्रशासनिक भवन में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन, निदेशक तकनीकी (संचालनद्) एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास की उपस्थिति में समस्त उपस्थितों को "स्वच्छता शपथ" दिलाई साथ ही कर्मियों को अपने कार्यस्थल पर स्वच्छता रखने का आह्वान किया। इसी कड़ी में 16 जून को सभी क्षेत्रों व खानों में स्वच्छता शपथ ली जाएगी। 17 जून को सभी खानों एवं विभागों में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक बैनर पर अंकुश का आह्वान किया जाएगा। 18 जून को सोशल मीडिया फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि पर स्वच्छता जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे। 19 जून को क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाएगा। 21 जून को क्षेत्रों के खदानों, विभाग परिसरों, कार्यालयों में सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया जाएगा। साथ ही कैटीनों, विश्रामगृहों आदि में कचरा के लिए डस्टबिन व्यवस्था रखने प्रेरित किया जाएगा। 22 व 23 जून को सभी क्षेत्रों के हास्पिटल व डिस्पेंसरी, स्कूलों, आवासीय परिसरों में स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### होंगे विविध आयोजन

24 जून को मुख्यालय व सभी क्षेत्रों के टायलेट, सुलभ काम्प्लेक्स, पानी टंकियों, सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट में स्वच्छता की जाएगी। 25 जून को सभी क्षेत्रों के स्कूलों एवं कालेजों के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता अभियान विषयक निबंध, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 26 जून को सभी क्षेत्रों द्वारा 3 परिधीय ग्रामों में स्वच्छ पानी एवं जल निकायों की सफाई करने जागरूक किया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वेस्ट वाटर रिसाईक्लिंग एवं ठोस एवं गीले कचरों के पृथक्करण करने प्रोत्साहित किया जाएगा।

# चार माह के लिए बंद हो गए रेत घाट, अवैध खनन जारी

■ बारिश से पहले दोगुनी मात्रा में निकाली जा रही रेत

**बिलासपुर।** 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खदान बंद रहेंगे। हालांकि यह सब कागजों में होगा, इधर जिले में रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर हो रहा है। एनजीटी की रोक के बाद भी मशीनों से नदियों का सीना छलनी किया जा रहा है। वहीं माफिया ने बारिश से पहले रेत का अवैध भंडारण करना शुरू कर दिया है।

जिले में दो दर्जन से अधिक ठिकानों पर रेत के बड़ी मात्रा में रेत के डंप किए जा रहे हैं। प्रशासन पर इस संबंध में शिकायतें भी पहुंच रही हैं, लेकिन जिम्मेदार खनिज विभाग जहां संसाधनों के अभाव में कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। वहीं प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। परिणामस्वरूप माफिया के हौसले बुलंदी पर हैं। बारिश के मौसम में नदियों के चढ़ जाने से रेत के उत्खनन बंद हो जाएगा। इससे पहले माफिया ने नदियों से दोगुनी मात्रा में रेत निकालना शुरू कर दिया है। यहां बता दें कि जिले में खनिज विभाग से स्वीकृत मात्र 5 खदानें चालू हैं। इन पर भी शासन की रोक के बाद मशीनों से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। वहीं शेष खदानों पर माफिया दबंगई से रेत का उत्खनन करने में जुटा हुआ है, लेकिन प्रशासन इसे रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। बारिश के मौसम में रेत की पूर्ति के लिए माफिया ने अवैध डंप चालू कर दिए हैं।

देखा जाए तो रेत के दाम पहले ही आसमान छू रहे हैं। वहीं बारिश के मौसम में नदियों से रेत का निकलना बंद हो जाएगा। ऐसे में रेत के दाम वर्तमान से तीन गुने हो जाएंगे। इसी मुनाफे के लिए माफिया ने अभी से रेत का अवैध भंडारण शुरू कर दिया है।


### अवैध भंडारण जोरों पर

शहर के दयालबंद, मधुबन, राजकिशोर नगर, तोरवा, सरकंडा, कुदुदंड, सकरी, दोमुहानी सहित आसपास के इलाकों में सार्वजनिक जगहों के साथ ही निजी प्लॉट में बड़ी मात्रा में रेत डंप कर रखा गया है।

### की जा रही है पेनाल्टी

अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। खनिज विभाग, पुलिस और राजस्व अमले द्वारा एफआईआर के साथ पेनाल्टी भी लगाई जा रही है।

**- दिनेश मिश्रा**, उपसंचालक खनिज विभाग






## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन साइकोमेट्रिक लिखित परीक्षा 26 को

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्लेसमेंट होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 10 जून तक निर्धारित की गई है। प्लेसमेंट प्रोग्राम में न्यूनतम एक साल अनुभव वाले सीए आवेदन कर सकते है। साथ ही इनके पास 31 मई से पहले तक की सदस्यता होना जरूरी है। 26 जून को ऑनलाइन साइकोमेट्रिक और लिखित परीक्षा होगी।

### गांजा बेचने ग्राहक खोज रहा युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 1 किलो गांजा बरामद किया गया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि दयालबंद पुल के पास एक युवक गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सीपत मटियारी निवासी ललित कुमार यादव 42 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास एक किलो गांजा मिला। पुलिस ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

**बिलासपुर।** साइकिल सवार को बचाने के फेर में तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात 8 बजे शहर से मस्तूरी की ओर पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीई, 0130 में सवार युवक तेज रफ्तार से जा रहा था। ढेका पेपर मिल के पास अचानक सामने साइकिल सवार के आने पर युवक ने उसे बचाने के फेर में बाइक किनारे की तो वह अनियंत्रित होकर गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई और युवक का शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### बदहवास मिले व्यक्ति की सिम्स में मौत

**बिलासपुर।** कर्ज से परेशान व्यक्ति कोनी रोड में बदहवास हालत में मिला। डायल 112 से उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली टीआई विजय चौधरी ने बताया, जूना बिलासपुर निवासी नेहा देवांगन ने रिपोर्ट लिखाई। उनके पति हरिशंकर देवांगन 12 जून को सुबह 10.30 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर लिया था। 14 जून को हरिशंकर देवांगन कोनी गुरूघासीदास विश्व विद्यालय के पास बदहवाश हालत में मिला। डायल 112 के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलने पर परिजन सिम्स पहुंच गए थे। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई ने जानकारी दी है उनके भाई ने कुछ लोगों से 13 लाख रुपए उधारी लिया था। सूदखोरों द्वारा पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाने से प्रताड़ित होकर मृतक घर से निकल गया था। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

उत्साह से मनाया गया हरिभूमि का 24वां स्थापना दिवस

# निष्पक्ष समाचारों ने 'हरिभूमि' को पहुंचाया शिखर पर



कार्यक्रम में उपस्थित विज्ञापन एजेंसियों के डायरेक्टर व हरिभूमि परिवार के सदस्य।



स्थापना दिवस पर अभिकर्ताओं को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करते हरिभूमि के यूनिट हेड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समाचार ही नहीं विचार भी के ध्येय के साथ हरिभूमि अखबार ने 15 जून को सफलता के 24 वर्ष पूर्ण किए, इस मौके पर रिंग रोड स्थित हरिभूमि कार्यालय में अभिकर्ताओं और विज्ञापन एजेंसियों के संचालकों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सभी ने कहा कि हरिभूमि अखबार निष्पक्षता के साथ पाठकों तक सटीक समाचार पहुंचाता है, इसी वजह से इस अखबार की अलग पहचान बनी है। हरिभूमि हर घर में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है। यहां प्रबंधन का अभिकर्ता और विज्ञापन एजेंसी सभी से आत्मीय सबंध बना है, हर किसी के सुख-दुख में एक अभिभावक की तरह वे सदैव मौजूद रहते हैं।

- अभिकर्ताओं और विज्ञापन एजेंसियों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर विज्ञापन एजेंसी से प्रवीण भार्गव, विनोद पांडेय, जूही जैन,जितेन्द्र चौबे,मोहन होनप,परमजीत उपवेजा, सुदेश दुबे,शंकर राव,वेंकेट रमणी, हरीश अग्रवाल,योगेश वर्मा,रोहित मिश्रा,भुवन वर्मा, सिद्धांत दुबे ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर राजेश सानन,प्रसार प्रबंधक बालकिशन सोनी, भुवन देवांगन,अंजनी शर्मा,प्रशांत सिंह,अशलम शेख,डेजी नाथ,नाजिया खान,अनिल शर्मा,राकेश मानिकपुरी, नवीन सोनी,विवेक राजपूत, विक्रम निर्मलकर, शैलेन्द्र पांडेय, रेखा साहू मौजूद थे। इसके पूर्व अभिकर्ताओं का सम्मान किया गया, इस अवसर पर अभिकर्ता भरत यादव,रणधीर राय, पवन सोनी, ओमकार सिंह राजपूत, खोरबहरा देवांगन, रामकुमार यादव,विवेक मौर्य,परदेशी यादव,प्रहलाद कोरी, शिवानंद तिवारी,राजेश साहू,कोमल गोस्वामी,भरती क्षत्री उपस्थित थे।

## अभिकर्ता ही अखबार के आधार स्तंभ



### अभिकर्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि के 24 वें स्थापना दिवस पर रिंग रोड स्थित कार्यालय में हरिभूमि अखबार के सभी अभिकर्ताओं का प्रबंधन द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि अभिकर्ता ही अखबार के आधार स्तंभ है, इनके बिना अखबार की कल्पना भी संभव नहीं है।

### सामाजिक सरोकार का अखबारः भरत

एजेंट भरत यादव ने कहा कि हरिभूमि अखबार समाजिक सरोकार का अखबार है, इसमें छपी खबर हर समाज के वर्ग के लिए रहती है।

### पाठकों से है हरिभूमि की पहचानः राय

एजेंट रणधीर राय ने कहा कि पाठकों से हरिभूमि की पहचान है,पाठकों ने जिस तरह इस अखबार को सराहा है, वह अतुलनीय है।

### हरिभूमि अखबार नहीं विचार:पवन

एजेंट पवन सोनी ने बताया कि यह अखबार नहीं बल्कि विचार है,यह अखबार सदैव हर मुद्दे पर प्राथमिकता से खबरों को पाठकों तक पहुंचाता है।

### विश्वनीय है समाचार पत्रः ओंकार

एजेंट ओंकार सिंह राजपूत ने कहा कि यह विश्वनीय अखबार है, इसमे छपी हर खबर जनसरोकार से जुड़ी होती है।

### जागरूक करने वाला अखबारः देवांगन

एजेंट खोरबहरा देवांगन ने कहा कि यह लोगों को जागरूक करने वाला अखबार है,इसको पढ़ हर कोई जागरूक होता है।

### पारिवारिक वातावरण ही पहचानः रामकुमार

एजेंट रामकुमार यादव ने कहा कि हरिभूमि में काम एक पारिवारिक वातावरण में होता है, यही इसकी खासियत है। यहां काम करने में अपनत्व का भाव महसूस होता है।

### लोगों की पहली पसंद है हरिभूमिः विवेक

एजेंट विवेक मौर्य ने कहा कि यह अखबार लोगों की पसंद है, हर कोई इसे पढ़कर दिन की शुरुआत करता है।

### रहते हैं निष्पक्ष समाचारः परदेशी

एजेंट परदेशी यादव ने कहा कि इस अखबार में निष्पक्ष खबरें रहती हैं, इसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाता है। तटस्थ होकर इसमें खबरें छपती है।

### निरंतरता का मिलता है लाभः प्रहलाद

एजेंट प्रहलाद कोरी ने कहा कि हरिभूमि अखबार निरंतरता से सफल हुआ है। इसी तरह अनेक वर्षो तक यह पाठको के बीच बना रहे।

### अपनत्व से अभिकर्ता का सम्मान : शिव

एजेंट शिव तिवारी ने कहा कि प्रबंधन द्वारा सदैव अभिभावक की तरह अभिकर्ताओं से जुड़ाव बना हुआ है, यही अपनत्व ही अभिकर्ता का सम्मान है।

### कम मूल्य का अखबार :राजेश

एजेंट राजेश साहू ने कहा कि महंगाई के दौर में सब महंगा हो गया, मगर इस अखबार की कीमत आज भी कम है। इसे आम से खास तक सहजता से पढ़ते हैं।

### सफलता की भरे उड़ानः कोमल

एजेंट कोमल गोस्वामी ने कहा कि हरिभूमि नित नई सफलता से नए आयामों को छूए। यह अखबार सफलता की उंचाइयों तक पहुंचे।

### कम समय में लोगों तक पहुंचा : क्षत्री

एजेंट भरत क्षत्री ने कहा कि हरिभूमि ने जो पाठकों के बीच जगह बनाई है,यह बहुत कम समय में ही हुआ है।

### हरिभूमि से जुड़ने का गर्वः भार्गव

भार्गव एड एजेंसी के डायरेक्टर प्रवीण भार्गव ने कहा कि हरिभूमि से जुड़ने पर उन्हें गर्व है। यह अखबार खबरों के साथ पाठकों के बीच में बना हुआ है, इसी क्रम ने हरिभूमि को आगे पहुंचाया है।

### प्रिंट मीडिया में अग्रणीः विनोद

प्रयास एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर विनोद पांडेय ने कहा कि हरिभूमि अखबार प्रिंट मीडिया में अग्रणी है, इसकी खबरों में क्रिएटीविटी भी रहती है,यही अलग पहचान पाठकों के बीच में है।

### पाठकों के लिए है हरिभूमिः जूही

जेजे एडवरटाइजर्स की डायरेक्टर जूही जैन ने कहा कि हरिभूमि अखबार पाठकों का अखबार है, इससे हर कोई जुड़ा हुआ है, यह सबसे अधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है।

### अपनेपन का है माहौलः जितेन्द्र

बालाजी एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर जितेन्द्र चौबे ने कहा कि हरिभूमि के साथ काम करने में अपनापन महसूस होता है,यहां परिवारिक माहौल में काम होता है, इस संस्था की यही खासियत है।

### प्रेस का अलग कल्चरः मोहन

सिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर मोहन होनप ने बताया कि इस प्रेस का कल्चर अलग है, हरिभूमि अखबार लगातार बढता रहे यही शुभकामना है।

### निरंतरता हरिभूमि की पहचानः परमजीत

एमजीआर एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर परमजीत उपवेजा ने कहा कि हरिभूमि अखबार की निरंतरता ही इसकी पहचान है। बीते 24 वर्षों से लगातार यह बिलासपुर के लोगों से जुड़ा हुआ है।

### बिलासपुर का दर्पण हरिभूमिः सुदेश

विप्रा विज्ञापन सेवा के डायरेक्टर सुदेश दुबे ने कहा कि हरिभूमि अखबार बिलासपुर का दर्पण है। हरिभूमि प्रगति पथ पर बढ़ता ही जा रहा है, यह खबर के साथ विचार भी है।

### सफलता ही पहचानः शंकर

शिवम एडवरटाइजमेंट के डायरेक्टर शंकर रॉव ने कहा कि हरिभूमि की सफलता ही मीडिया में आगे होने की पहचान है। विगत 24 वर्षो से यह पाठकों को सटीक जानकारी देकर सबसे आगे है।

### पाठकों का लोकप्रिय अखबारः वेंकट

इंटर पब्लिसिटी के डायरेक्टर वेंकट रमणी ने कहा कि हरिभूमि पाठकों का सबसे लोकप्रिय अखबार है। यह खबरों के साथ पाठकों को सही जानकारी भी उपलब्ध कराता है।

### सिल्वर जुबली की अग्रिम बधाईः हरीश

रौनक पब्लिसिटी के डायरेक्टर हरीश अग्रवाल ने कहा कि हरिभूमि अखबार से वे पहले दिन से जुड़े हैं। हरिभूमि को आगामी 25 वें सिलवर जुबली की शुभकामनाएं देते हैं।

### ग्रामीण-शहरी सभी जगह का अखबारः भुवन

अमित पब्लिकेशन के डायरेक्टर भुवन वर्मा ने कहा कि हरिभूमि अखबार ग्रामीण-शहरी हर जगह पढ़ा जाने वाला अखबार है,यह आम से लेकर खास तक के घरों में पढ़ा जाता है।

### हर वर्ग में पढ़ा जाता है हरिभूमिः योगेश

रिद्धि सिद्धि एडवरटाइजर्स के डायरेक्टर योगेश वर्मा ने कहा कि हरिभूमि अखबार से खबरों की पहचान बनी हुई है, यह हर वर्ग में पढ़ा जाने वाला अखबार है।

### खबरों से मिलती है शिक्षाः रोहित

अनु इमेंज में एडवरटाइजर के एरियर मैनेजर रोहित मिश्रा ने कहा कि हरिभूमि की खबरों से पाठकों को ज्ञान मिलता है। यह महती जिम्मेदारी के साथ सामाजिक सरोकार का कार्य कर रहा है।

# निगम ने की कार्रवाई, 369 अवैध होर्डिंग्स बैनर, पोस्टर हटाए गए, अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम द्वारा अवैध होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर हटाने की कार्रवाई दौरान शनिवार को मुंगेलीनाका में काफी विवाद हुआ। निगम द्वारा अभियान चलाकर दो दिनों में शहर के अलग-अलग जगहों से 369 अवैध होर्डिंग्स और बैनर, पोस्टर हटाए गए हैं। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर सभी जोन एरिया में अवैध होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

- कार्रवाई के दौरान मुंगेली नाका में हुआ विवाद

आज जोन क्रमांक तीन की टीम राजेन्द्र नगर चौक से लेकर मंगला चौक तक अवैध होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर हटवाने निकली थी। इस दौरान दुकानों के बाहर लगाए गए विज्ञापन होर्डिंग्स, बोर्ड, बैनर, पोस्टर हटाए तथा इस कार्रवाई के दौरान मुंगेलीनाका एरिया में विवाद हुआ। दुकान, ठेले वालों ने निगम टीम की कार्रवाई का विरोध किया, जिसे लेकर वहां काफी बहसबाजी भी हुई। इसके अलावा निगम के सभी जोन एरिया में अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। दो दिनों में अभियान चलाकर नगर निगम ने शहर के 369 अवैध होर्डिंग्स और बैनर, पोस्टर हटाया है। ये सभी अवैध थे, जिनमें होर्डिंग्स, दुकानों के बाहर लगाए गए बोर्ड, चौक चौराहों पर लगे बैनर पोस्टर शामिल हैं। अवैध रूप से लगाए गए इन होर्डिंग्स और बैनर, पोस्टर से जनहानि और ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है तो वहीं निगम के राजस्व की भी हानि होती है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नर और अधिकारियों को अभियान चलाकर शहर को अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स मुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत कार्रवाई जारी है। आगे भी होर्डिंग्स को निकालने की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर निगम ने पिछले दो दिनों में शहर के सभी जोन क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स, बैनर पोस्टर को निकालने के लिए विशेष अभियान चलाया, जिसमें सभी जोन के 369 होर्डिंग्स तथा बोर्ड समेत बैनर पोस्टर को निकालकर जब्त कर लिया गया। दुकान के बाहर सड़क पर अतिक्रमण कर बोर्ड रखने वाले दुकानदारों और अवैध होर्डिंग्स मालिकों के खिलाफ जुर्माना भी किया गया है।





शहर के चौक-चौराहों पर लगे अवैध होर्डिंग्स को हटाता नगर निगम का अतिक्रमण अमला।

# कालोनी में कार धीरे चलाने की सलाह देने पर युवकों ने डाक्टर से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कालोनी में धीरे कार चलाने की सलाह देने पर कार सवार दो युवकों ने डाक्टर के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी की चाबी से हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात एक्टेंशन निवासी पवन कुमार चौरसिया पिता वंश गोपाल चौरसिया पेशे से डाक्टर हैं। 14 जून रात 10 बजे वे अपनी कार घर में रखने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान स्विफ्ट डीजायर क्रमांक सीजी 10 एएफ, 2919 का चालक तेज गति से चलाते हुए आ रहा था। उसे देखकर उन्होंने अपनी कार रोक दी। उक्त कार उनकी कार के पास आकर रूकी। श्री चौरसिया ने उन्हें कालोनी में गाड़ी धीरे चलाने कहा। इस पर कार से दो युवक बाहर निकले और उनके साथ गाली गलौज कर धक्का मुक्की करते हुए मारपीट करने लगे और उनकी कार से चाबी निकालकर नाक, गर्दन, सिर के पीछे हमला कर दिया। पुलिस ने श्री चौरसिया की रिपोर्ट पर कार सवार युवकों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सिम्स के डाक्टर से मारपीट

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई चौक बालाजी रेसीडेंसी के बगल में रहने वाली डा. नेहा सिंह पति शिवांग शेखर सिम्स में पदस्थ हैं। 14 जून को 2.40 बजे घर से मेडिकल चेकअप के लिए अपने पति के साथ अस्पताल जा रही थीं। इसी दौरान उनकी मौसी सास कंचन यादव व उनके पति दिव्य प्रकाश यादव आए और उन पर उनकी दीदी जीजा को जेल भेजवाने का आरोप लगाकर मारपीट करने लगे। कंचन यादव ने उनका गला दबा दिया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति पत्नी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अधिवक्ता से मारपीट कर रकम की लूट

कोटा पुलिस के अनुसार, रतनपुर गांधी नगर निवासी रवि प्रकाश गंधर्व पिता शिव प्रसाद गंधर्व 54 साल पेशे से अधिवक्ता है। 10 जून को वे कोटा न्यायालय गए थे। न्यायालयीन कार्य करने के बाद शाम 6 बजे कोटा शराब दुकान गए थे। इसी दौरान कुछ युवक उनके पास आए और तुम्हारा रतनपुर में बहुत चलता है कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का बेल्ट से ताबड़तोड़ मारपीट की। उसके बाद उनकी जेब से 5 हजार रुपए नकद लूटकर भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# नशे में युवक-युवतियों के बीच मारपीट, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

देर रात बार के सामने नशे में युवक युवतियों के बीच मारपीट होने का वीडियो वायरल हुआ था, पुलिस ने विवाद करने वाले 3 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

- मारपीट का वीडियो हुआ था वायरल

सिविल लाइन सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस उमेश गुप्ता ने बताया, पिछले दिनों सिरगिट्टी क्षेत्र में संचालित होटल के बार में शराब पीने के बाद देर रात बार के बाहर युवक युवतियों के बीच विवाद मारपीट होने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके आधार पर पुलिस ने विवाद करने वाली युवतियों व युवक की पहचान कर ली है। पूर्व में भी एक बार के बाहर उक्त युवक युवतियों के बीच मारपीट होने का वीडियो वायरल हुआ था। उसके आधार पर मारपीट कर विवाद करने वाले अमर आनंद पिता विष्णु आनंद 27 साल सत्यानगर तिफरा, शैलेन्द्र शर्मा पिता शिव गोपाल शर्मा 27 साल मोतिनपुर पंडरिया कवर्धा हालमुकाम मैग्नेटो मॉल, आकाश निर्मलकर पिता स्व. दशरथ 27 साल गोपीचंदपारा, पंडरिया कबीरधाम निवासी को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने धारा 160 के तहत तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book 9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp